पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर


एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन द्वारा शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण गतिविधियों का निरीक्षण


युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियां बढ़ा रही हैं छत्तीसगढ़ का गौरव - मुख्यमंत्री

◆ वर्ष - 22 ◆ अंक - 24 ◆ रायपुर 20 जून 2026 ◆ पृष्ठ - 08 ◆ मूल्य-5/- रुपया

# मानवता को शांति, आत्मसंयम, करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं भगवान महावीर के विचार -ओम बिरला

## अहिंसा, करुणा, सत्य और आत्मसंयम के संदेश की आज पूरे विश्व को आवश्यकता -मुख्यमंत्री

रायपुर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित आचार्य पदारोहण एवं सहस्त्रावधान तपस्या महोत्सव में शामिल हुए। दोनों अतिथियों ने जैन मुनियों का आशीर्वाद प्राप्त कर आचार्य पद पर प्रतिष्ठित हो रहे पूज्य विनयकुशल मुनि जी महाराज को नमन किया।





कार्य₹ म के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि आचार्य पद केवल एक पद नहीं, बल्कि तप, त्याग, ज्ञान और समाज को दिशा देने वाली साधना का सर्वोच्च प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर और जैन दर्शन के सिद्धांत आज भी मानवता को शांति, आत्मसंयम, करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखाते हैं। वर्तमान समय में जब विश्व तनाव और संघर्षों से जूझ रहा है, तब जैन दर्शन की शिक्षाएं और अधिक प्रासंगिक हो गई हैं।

श्री बिरला ने कहा कि पूज्य विनयकुशल मुनि जी महाराज का आचार्य पदारोहण संपूर्ण जैन समाज के लिए गौरव का क्षण है। वहीं शतावधानी हंसभद्र मुनि जी महाराज ने अपनी विलक्षण स्मरणशक्ति, ज्ञान और साधना के बल पर देशभर में विशेष पहचान बनाई है। उनके तप और साधना से समाज को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने कहा कि भौतिक संसाधन केवल सुविधाएं प्रदान कर सकते हैं, लेकिन जीवन का वास्तविक सुख आत्मनियंत्रण, आत्मशुद्धि और आध्यात्मिक साधना से प्राप्त होता है। जैन संतों का तपस्वी जीवन समाज को प्रेरणा देता है और मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने सभी जैन संतों,

### मुख्यमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष ने आचार्य पदारोहण एवं सहस्त्रावधान तपस्या महोत्सव में जैन मुनियों का लिया आशीर्वाद

साध्वियों और श्रद्धालुओं को नमन करते हुए महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पावन धरती पर पहली बार आयोजित हो रहा यह आचार्य पदारोहण महोत्सव प्रदेश के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि श्रद्धा, साधना और संस्कृति का यह विराट



आयोजन पूरे प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक अवसर बन गया है। मुख्यमंत्री ने देश के विभिन्न राज्यों से आए संत-साध्वियों, श्रद्धालुओं एवं अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ धन्य हुआ है और इस आयोजन से पूरे प्रदेश में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूज्य विनयकुशल मुनि जी महाराज का आचार्य पद पर पदारोहण उनके ज्ञान, तप, संयम, साधना और समाज के प्रति समर्पित जीवन का सम्मान है। उन्होंने 14 वर्षीय बाल मुनि शतावधानी हंसभद्रमुनि जी महाराज को भी नमन करते हुए कहा कि इतनी कम आयु में उनकी अद्भुत स्मरणशक्ति, एकाग्रता और ज्ञान-साधना सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। एक साथ हजार प्रश्नों को स्मरण रखना और उनका ₹ मवार उत्तर देना असाधारण उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज रायपुर का यह इंडोर स्टेडियम ज्ञान, साधना और अध्यात्म का तीर्थस्थल प्रतीत हो रहा है। जैन संतों ने सदैव अहिंसा, करुणा, सत्य और आत्मसंयम का संदेश दिया है, जिसकी आज पूरे विश्व को आवश्यकता है। भगवान महावीर स्वामी का 'जियो और जीने दो' का संदेश वर्तमान समय में और अधिक प्रासंगिक हो गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक परंपराओं की भूमि है तथा राज्य सरकार सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ सभी वर्गों के कल्याण और प्रदेश के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि जैन मुनिगण कठिन तप, उपवास और संयम के माध्यम से समाज को प्रेरणा देते हैं। उन्होंने लंबी पदयात्रा और तपस्या के बाद रायपुर पहुंचे साधु-संतों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने कहा कि प्रदेश के लिए यह अत्यंत सौभाग्य का विषय है कि इतने बड़े आध्यात्मिक आयोजन में देशभर के संत-साध्वी और श्रद्धालु एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि जैन संतों का त्याग, तपस्या और अनुशासित जीवन समाज को सदैव प्रेरित करता है।विनयकुशल मुनि जी के आचार्य पदारोहण का यह आयोजन लोगों को अध्यात्म और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का कार्य करेगा।

## राज्यपाल ने की गजराज बांध को उपयोगी बनाने की पहल



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने कमल विहार रायपुर स्थित लगभग 230 एकड़ क्षेत्र में फैले गजराज बांध को रायपुर शहर की पेयजल आवश्यकता की पूर्ति के लिए एक विशाल जलाशय के रूप में विकसित करने की पहल की है। राज्यपाल ने लोकभवन में नगर निगम रायपुर महापौर मीनल चौबे और अतिरिक्त कमिश्नर विनोद पाण्डेय के साथ इस संबंध में विशेष चर्चा की। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान में सिंचाई कार्यों में उपयोग नहीं हो रहे गजराज बांध की आवश्यक मरम्मत कर इसे रायपुर शहर की लाइफलाइन बनाया जा सकता है।

## आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को झटका

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चुनावी मामले में हाईकोर्ट से झटका लगा है। उनकी चुनाव याचिका को शुरुआती स्तर पर खारिज करने की मांग को अदालत ने खारिज कर दिया है। अब पाटन विधानसभा चुनाव से जुड़े इस मामले में हाईकोर्ट सीधे मेरिट के आधार पर सुनवाई करेगा। अगली सुनवाई 23 जून को तय की गई है। मामला भाजपा नेता और दुर्ग सांसद विजय बघेल की ओर से दायर चुनाव याचिका से जुड़ा है। आरोप है कि 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान प्रचार बंद होने की अवधि में भूपेश बघेल ने रोड शो और रैली कर वोट मांगे थे, जो चुनाव नियमों का उल्लंघन है। दुर्ग सांसद व पाटन में भाजपा प्रत्याशी रहे विजय बघेल ने भूपेश बघेल की विधायकी खत्म करने के लिए चुनाव याचिका लगाई है।

## फ्लाइट से टकराया पक्षी, 2 घंटे प्रभावित रहीं उड़ानें

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर बुधवार को एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। यहां दिल्ली से रायपुर आ रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट लैंडिंग के दौरान पक्षी से टकराने का शिकार हो गई। रनवे पर उतरते समय अचानक एक पक्षी विमान से टकरा गया, जिसके बाद एयरपोर्ट परिसर में कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। लोग काफी घबरा गए हालांकि पैनिक स्थिति ना हो इसे विमान के क्रू मेंबर्स एवं एयरपोर्ट पर बाहर के स्टाफ ने सफलतापूर्वक स्थिति को काबू में किया। एयरपोर्ट प्रबंधन और तकनीकी टीम सक्रिय हो गई। विमान की सुरक्षा जांच के लिए विशेषज्ञों की टीम ने तत्काल निरीक्षण शुरू किया।

# मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें जनप्रतिनिधि -सीएम

## मुख्यमंत्री साय नवनिर्मित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने सूरजपुर प्रवास के दौरान नवनिर्मित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष श्री रितेश जायसवाल सहित सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा और विकास के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने नगर पंचायत शिवनंदनपुर के वार्ड क्रमांक 06 में सुसज्जित मंगल भवन निर्माण की घोषणा कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी। मुख्यमंत्री की घोषणा पर उपस्थित नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिवनंदनपुर को नगर पंचायत का दर्जा मिलना क्षेत्र की वर्षों पुरानी आकांक्षा की पूर्ति है। इससे क्षेत्र में सुनियोजित नगरीय विकास का मार्ग प्रशस्त होगा तथा नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि जनता ने जिस विश्वास के साथ अपने प्रतिनिधियों का चयन किया है, उस विश्वास पर खरा उतरना अब उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से बिजली, पानी, सड़क, स्वच्छता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जनप्रतिनिधि जनता और शासन के बीच सेतु बनकर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अग्रणी भूमिका निभाएं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा अपने अधिकारों और सुविधाओं के प्रति जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं मुख्यमंत्री कॉल सेंटर के माध्यम से नागरिक अपनी शिकायतें और समस्याएं दर्ज करा सकते हैं।

# शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा का डॉ. रमन ने किया अनावरण

**भाटापारा।** नगर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का प्रवास हुआ। इस दौरान उन्होंने शहर में छत्तीसगढ़ महतारी एवं शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा का अलग अलग स्थानों पर अनावरण किया। उपरोक्त अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव,छत्तीसगढ़ राज्य साहकरी बैंक के अध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने छत्तीसगढ़ महतारी चौक में नवनिर्मित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा -अर्चना कर नमन किया। इसके पश्चात रेस्ट हाऊस के सामने स्थित शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे परिसर में शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने देश के लिये सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूत



### परिजनों का किया सम्मान

फ्लाइट लेफ्टिनेंट शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे जिन्होंने 1971 में भारत पाकिस्तान युद्ध में वीर गति को प्राप्त हुए थे,उन्हें पुण्य स्मरण किया। उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परिसर पर स्थापित शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे की प्रतिमा आने वाले पीढी के युवाओं के लिये प्रेरणा बनेगी।उन्होंने इस दौरान उन्होंने शहीद के परिजनों से आत्मीय ज़ेंट किया। उपरोक्त मौके पर आकांक्षा जायसवाल, पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, कलेक्टर कुलदीप शर्मा,पुलिस अधीक्षक ओपी शर्मा, आनंद यादव, सविता अनंत ,डॉ.सनम जांगड़े, शहीद श्रीकृष्ण गजानन खोण्डे के परिजनों में सुपुत्री प्रिया खोण्डे,भाई प्रभाकर खोण्डे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# किसान हितैषी नीतियों ने दिलाई छत्तीसगढ़ को नई पहचान

## छत्तीसगढ़ की धान खरीदी व्यवस्था की प्रतिनिधिमंडल ने की सराहना

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में महाराष्ट्र के विधायक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की।प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था, किसानों के हित में संचालित योजनाओं, कृषि क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है और यहां की बड़ी आबादी खेती-किसानी पर निर्भर है। राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को बस्तर की समृद्ध आदिवासी कला एवं संस्कृति के प्रतीक बस्तर आर्ट का स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और राज्य सरकार किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए समन्वित रूप से कार्य कर रही हैं। छत्तीसगढ़ में किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के साथ-साथ कृषि निवेश में सहायता, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, आधुनिक तकनीकों का उपयोग और फसल विविधीकरण को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही



### छत्तीसगढ़ के कृषि विकास मॉडल का अध्ययन करने पहुंचा महाराष्ट्र का विधायक दल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से महाराष्ट्र के विधायक प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य मुलाकात

है। राज्य सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष में लगभग 141 लाख मीट्रिक टन धान का





उपार्जन किया गया है, जो देश में धान खरीदी के सबसे बड़े अभियानों में से एक है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए प्रदेशभर में लगभग 2700 धान उपार्जन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं, जहां पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित तरीके से धान की खरीदी की जाती है। धान के सुरक्षित भंडारण के लिए संग्रहण केंद्रों और गोदामों का व्यापक नेटवर्क विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए पंजीयन से लेकर धान तौल, परिवहन और भुगतान तक की प्रि₹ या को तकनीक आधारित और सरल बनाया गया है। किसानों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री ने कृषक उन्नति योजना सहित राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार खेती को अधिक लाभकारी बनाने तथा किसानों की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पर्यटन के राष्ट्रीय मानचित्र पर छत्तीसगढ़ की संस्कृति



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन क्षमता का परचम लहराया है। गोवा में आयोजित प्रतिष्ठित "इंडिया टुडे टूरिज्म समिट एंड अवॉर्ड्स-2026" में छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड को "कल्चरल टूरिज्म विनर" अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अद्वितीय जनजातीय परंपराओं, स्थानीय लोककला और पर्यटन विकास के क्षेत्र में किए गए नवाचारों को मिली राष्ट्रीय मान्यता है। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने यह सम्मान प्रदान किया, जिसे राज्य की ओर से पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने ग्रहण किया। इस अवसर पर गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत सहित बिहार, तेलंगाना, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और गोवा के पर्यटन मंत्री तथा देशभर के पर्यटन विशेषज्ञ और उद्योग प्रतिनिधि मौजूद रहे। यह सम्मान छत्तीसगढ़ द्वारा अपनी समृद्ध लोक संस्कृति, जनजातीय परंपराओं, कला, हस्तशिल्प, लोक उत्सवों और सांस्कृतिक धरोहरों को पर्यटन विकास से जोड़ने के लिए किए जा रहे सतत प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण सफलता है। पिछले कुछ वर्षों में छत्तीसगढ़ ने सांस्कृतिक पर्यटन को राज्य की पर्यटन नीति के केंद्र में रखकर जिस तरह योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया है, उसने देशभर का ध्यान आकर्षित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाटापारा में 27 से कबीर प्राकट्य दिवस

**भाटापारा।** सद् गुरू कबीर प्राकट्य दिवस कबीर जयंती का कार्य₹ म कबीर ज्ञान मंदिर हथनीपारा वार्ड में 27 जून दिन शनिवार से 29 जून दिन सोमवार तक मनाया जायेगा। जिसके तहत महिमा पाठ सत्संग व कबीर साहब की भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। उस दौरान भजन, किर्तन ,प्रवचन , सत्संग ग्रंथ मंडली ग्राम देवरी द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। इसके अलावा सात्विक यज्ञ चौका आरती का भी आयोजन किया गया है। ग्राम टोहड़ा के पूज्य महंत चैतुदास साहेब उक्त कार्य₹ म में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्य₹ म के पश्चात भोजन भंडारा का कार्य₹ म होगा।

### शिवरतन शर्मा ने कड़ार में विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन किया



**भाटापारा।** वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने शहर से 09 किलोमीटर दुर ग्राम कड़ार में विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। उक्त अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि गांव का विकास व ग्राम में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन का संकल्प है। ग्राम कड़ार के सरस्वती पारा के साथ साथ निषाद समाज के लोगो को मांगलिक कार्य₹ म सामाजिक बैठक एवं सांस्कृतिक आयोजन के लिए सर्व सुविधायुक्त चबुतरा , रंगमंच व भवन उपलब्ध हो जाने से गांव वासियों को एक बेहतर स्थान प्राप्त हो गया है। सरस्वती पारा के सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार तथा निषाद समाज के समुदायिक भवन के आहाता निर्माण से भवन का संरक्षण व संवर्धन हो सकेगा। उपरोक्त अवसर पर राजा जायसवाल , पवन वर्मा , सुरेश वर्मा, डब्ल्यू सिंग ठाकुर , सुनील यदु, टाकुर राम साहू, खुमान वर्मा , बुधेश्वर वर्मा ,सुरेश वर्मा, हिरामणि , किर्ती कुमार ध्रुव , ज्योति विष्णु ठाकुर , शालिक वर्मा , बादल दास धीमर , ईत्रा धीमर , चन्द्रलेखा ध्रुव , यशोदा साहू, विनोद वर्मा , बेनी बाई साहू, शिवकुमार ध्रुव , अनिता साहू, रूपेन्द्र कुर्रे, कुंती साहू, रेखा बंजारे, रघुनाथ दास निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अर्जुनदेव के शहीदी दिवस पर छबील सेवा का आयोजन किया गया



**भाटापारा।** स्थानीय बस स्टैण्ड चौक पर अकाल पुरख की फौज के तत्वाधान में सिख समाज के पांचवे अर्जनदेव के शहीदी दिवस पर छबील सेवा का आयोजन किया गया जिसमें लोगो को ठंडे एवं मीठे शरबत पिलाया गया। उपरोक्त अवसर पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी तारेश साहू, तहसीलदार यशवंतराज , पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा , सम्मी चावला , अमित चावला , बेबी छाबड़ा , सुनिला बबली सलुजा ,पवनीत चावला , रजनी सलुजा , मंजु चावला , रसमी सलुजा , बलवंत सिंग सलुजा , अमरजीत सिंग सलुजा स्मार्ट , बबलु चावला , सुशील सेठी , प्रेम सेठी , राजा गुंबर , हरभगवान गुंबर, अमरजीत सलुजा , गुरमीत सिंग गुंबर , विजय आनंद , संजय सिंग गुंबर , पिंकु सलुजा , हरप्रीत सलुजा , बेयंत सिंग खालसा , लक्ष्मी नारायण सोनी , राजेश शर्मा के अलावा अन्य समाज के लोग बड़ी तादाद में उपस्थित थे।

### समीर वर्मा के अग्निवीर बनने पर लोगों ने दी बधाई




भाटापारा। शहर से 05 किलोमीटर दुर ग्राम देवरी के शास. उच्च. माध्य. विद्यालय देवरी के भूतपूर्व छात्र समिर वर्मा पिता रोशन वर्मा का अग्निवीर पर चयन होने पर विद्यालय परिवार की ओर से पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर बधाई दी गई तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा , हेम कुमार साहू,हेमलाल साहू,सुनील कुमार दीवान,प्रीती शाह, अनुप कुमार खरे,रश्मि भारती,,रेणू शर्मा,राकेश कुमार वर्मा,गिरजा शंकर तिवारी,गजेन्द्र कुमार साहू एवं छात्र के परिजन उपस्थित थे।

# विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के तहत आयोजित पंजीयन शिविर में सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित





**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में संचालित "विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" अभियान के अंतर्गत बेमेतरा जिले में तीन दिवसीय वृहद पंजीयन शिविर का शुभारंभ आज 18 जून को किया गया। जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया।

शिविर में शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए पात्र हितग्राहियों का ऑन-द-स्पॉट पंजीयन किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों के दस्तावेजों का परीक्षण कर मौके पर ही आवेदन पत्र भरवाए गए तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ा गया। इससे नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ी और उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ। कार्य₹ म का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। शिविर में नागरिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई तथा उनकी समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण की व्यवस्था की गई।

जिले के सभी राजस्व अनुविभाग स्तर पर आयोजित किए जा रहे इन तीन दिवसीय शिविरों में नए पंजीयन, दस्तावेजों में त्रुटि सुधार, लंबित मामलों के निराकरण एवं विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। शासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र नागरिक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे तथा सभी को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवाएं प्राप्त हों।

### इन योजनाओं के लिए किया जा रहा है पंजीयन

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत पंजीयन एवं लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही है। इनमें प्रमुख रूप से आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम सूर्य घर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं तथा अन्य कल्याणकारी योजनाएं शामिल हैं। शासन की यह विशेष पहल समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक विकास एवं जनकल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। शिविरों के माध्यम से नागरिकों को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का कार्य भी प्रभावी रूप से किया जा रहा है। टाउन हॉल, बेमेतरा में आयोजित शिविर में पुलिस उप महानिरीक्षक श्री रामकृष्ण साहू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा, श्री योगेश तिवारी, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री जय दिवाकर, एसडीएम श्री प्रकाश भारद्वाज, जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी नागरिक उपस्थित रहे। कार्य₹ म के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में शिविरों का लाभ उठाने की अपील की तथा शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

## सुरखी विद्यालय में समर कैम्प संपन्न




**भाटापारा।** पीएमश्री योजना अनुसार प्रत्येक पीएमश्री शालाओं में समर कैम्प लगाने का आदेश प्राप्त होते ही पीएमश्री सुरखी में भी 15 दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें प्रति दिवस लगभग 60-65 बच्चों की उपस्थिति रही थी। समर कैम्प में विद्यालय के बच्चों के साथ ही आँगनबाड़ी और माध्यमिक शाला के बच्चे भी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। उक्त कार्यक्रम में इन्द्राणी साहू , जहीर अब्बास, भास्कर देवांगन, , दर्शन सिंह ठाकुर, राजेश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। ग्राम सरपंच ज्योति कपूरचंद, रटउ अध्यक्ष दीपिका यादव, दुर्गेश शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए गीत, कहानी, कविता, मनोरंजक खेल, हिंदी-अंग्रेजी भाषाई गतिविधियाँ, गणितीय कौशल संबंधी एक्टिविटी,सामान्य ज्ञान ,ओरिगामी, मिट्टी के खिलौने, ड्राइंग, पेंटिंग, डांसिंग, पेपर एवं लकड़ी के क्राफ्ट , पेड़ की पत्तियों से आकृति निर्माण सजावट तथा तार्किक गेम्स जैसी कई रोचक गतिविधियाँ कराई गईं। जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## सेवा सहकारी समिति हांटरांका में हुआ पौधारोपण, जनप्रतिनिधियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को लेकर सेवा सहकारी समिति हांटरांका परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, किसानों तथा समिति के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष थानखम्हरिया केशव पटेल, सेवा सहकारी समिति हांटरांका अध्यक्ष गोवर्धन पटेल, सांसद प्रतिनिधि सोनू पटेल, ग्राम पंचायत तोरन के सरपंच लोकनाथ पटेल, ग्राम पंचायत हांटरांका के सरपंच देवराज वर्मा तथा ग्राम पंचायत चीचगांव के सरपंच भगेला साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। वृक्ष न केवल शुद्ध वातावरण प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता सेवाराम साहू, बल्लू नोहर पाल, खेलावन साहू, गणेश वर्मा, वीरू वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान एवं सेवा सहकारी समिति के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण के लिए जनजागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया।

# समाचार प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया शिक्षा विभाग, बीईओ ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया



**थानखम्हरिया।** नवीन शैक्षणिक सत्र के प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालयों में अव्यवस्था संबंधी समाचार प्रकाशित होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया। कलेक्टर के निर्देश पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी निलेश कुमार चंद्रवंशी ने नगर स्थित भारत माता कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं आत्मानंद विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौरतलब है कि 16 जून को प्रवेश उत्सव के दिन विद्यालयों में अव्यवस्था और साफ-सफाई की कमी को लेकर समाचार प्रकाशित हुआ था। इसके बाद विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने दोनों विद्यालयों का निरीक्षण किया तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं की बैठक लेकर स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान संबंधित जिम्मेदारों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान बीईओ चंद्रवंशी ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी औचक निरीक्षण किए जाएंगे और कहीं भी अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारी ने विद्यालयों की कार्यप्रणाली, बुनियादी सुविधाओं, नवीन शैक्षणिक सत्र में अध्ययन-अध्यापन की स्थिति, शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षकों की उपस्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कक्षाओं का अवलोकन किया तथा छात्राओं से संवाद कर उनकी शैक्षणिक जानकारी भी परखी। बैठक में विद्यालय परिसर में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा सात सूत्रीय कार्य₹ मों का प्रभावी ₹ियान्वयन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने और स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी दिए गए।

छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि वे कड़ी मेहनत और लगन के साथ अध्ययन करें तथा अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहें।

निरीक्षण के दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पत्रकारिता का उद्देश्य व्यवस्था में सुधार

निरीक्षण के दौरान हुई बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा यह भी कहा गया कि समाचारों की अपेक्षा व्यवस्थाओं में सुधार पर अधिक ध्यान दिया जाए। हालांकि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य समाज और व्यवस्था का आईना बनना तथा कमियों को उजागर कर सुधार की दिशा में सकारात्मक पहल करना है। जनहित से जुड़े मुद्दों को सामने लाने से ही व्यवस्थाओं में सुधार संभव हो पाता है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन

## युवाओं को नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज निर्माण का दिया गया संदेश

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया





**बेमेतरा।** रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, ढोलिया (बेमेतरा) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशा मुक्त शपथ कार्य₹ म का आयोजन किया गया। कार्य₹ म का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्य₹ म की शुरुआत नशा मुक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई। उपस्थित विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति में भी बाधक बनता है। युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर सकारात्मक सोच, अनुशासित जीवन एवं नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं प्राध्यापकों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। शपथ के माध्यम से उपस्थित जनों ने नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरण फैलाने का संकल्प लिया। कार्य₹ म के दौरान नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि युवा वर्ग देश की सबसे बड़ी शक्ति है और यदि युवा नशामुक्त रहेंगे तो समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त बनेंगे। विद्यार्थियों को खेल, शिक्षा, योग, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

महाविद्यालय प्रशासन ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित इस जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के साथ-साथ स्वस्थ एवं सकारात्मक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, प्राध्यापकगण एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी, विकासखंड साजा, जिला बेमेतरा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ अवसर पर प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का विद्यालय परिवार, ग्राम पंचायत एवं पालकों द्वारा गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

"बाल देवो भव" की भावना को चरितार्थ करते हुए सर्वप्रथम कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में प्रवेश लेने वाले नन्हे विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियों एवं उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

अपने उद्बोधन में सरपंच श्री गिरधारी निर्मलकर ने "बाल देवो भव" का संदेश देते हुए पालकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यालय में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में सहायक शिक्षक श्री थुकेल राम तारम, श्रीमती विजय लक्ष्मी रावत एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने अपने उद्बोधन में बच्चों को भगवान का स्वरूप बताते हुए उन्हें विद्यालय के "नन्हे मेहमान" कहकर संबोधित किया। उन्होंने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को स्नेह, प्यार एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विश्व शांति एवं संतुलन के लिए आत्ममंथन



**जी-** 7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से इसकी दिशा और नीति निर्धारण पर अमेरिका का प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देता है। विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति ने सहयोग के बजाय दबाव और वर्चस्व की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। फ्रांस में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन पर इस समय पूरी दुनिया की निगाहें टिकी हुई हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, व्यापार, जलवायु परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा सुरक्षा और युद्ध जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा के लिए दुनिया की सात प्रमुख विकसित अर्थव्यवस्थाओं का यह मंच एकत्रित हुआ है। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या जी-7 आज भी उतना ही प्रासंगिक और प्रभावशाली है, जितना उसकी स्थापना के समय था? क्या यह संगठन वास्तव में वैश्विक समस्याओं के समाधान का मंच बन पाया है अथवा यह कुछ शक्तिशाली देशों के हितों की रक्षा का माध्यम बनकर रह गया है? क्या इस मंच की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने स्वार्थों के चलते धुंधलाने में लगे हैं? विश्व में शांति स्थापना, संतुलित आर्थिक विकास और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बने विभिन्न वैश्विक संगठनों की सफलता का मूल्यांकन उनके परिणामों से होता है, न कि उनके घोषणापत्रों से। दुर्भाग्य से जी-7 के संदर्भ में यह प्रश्न बार-बार उठता रहा है कि उसके निर्णयों और घोषणाओं का वास्तविक प्रभाव कितना है। पिछले वर्षों में रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया का संकट, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन की चुनौती और बढ़ती व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी समस्याओं के समाधान में यह संगठन अपेक्षित भूमिका निभाने में सफल नहीं दिखा है।

जी-7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा और जापान शामिल हैं, लेकिन व्यवहारिक रूप से इसकी दिशा और नीति निर्धारण पर अमेरिका का प्रभाव सबसे अधिक दिखाई देता है। विशेष रूप से राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका की विदेश नीति ने सहयोग के बजाय दबाव और वर्चस्व की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है। ट्रंप ने अपने सहयोगी देशों के साथ भी कई बार ऐसा व्यवहार किया है, मानो वे साझेदार नहीं बल्कि अमेरिकी नीतियों का अनुसरण करने वाले अनुयायी हों। टैरिफ युद्ध, व्यापारिक प्रतिबंध, रक्षा व्यय को लेकर दबाव और अनेक एकतरफा निर्णयों ने सदस्य देशों के बीच अविश्वास बढ़ाया है। विशेषतः ईरान- इजरायल युद्ध ने समूची दुनिया की अर्थव्यवस्था का धराशायी कर दिया और यह अब अमेरिका के कारण ही हुआ है क्योंकि पिछले कुछ महीनों में हिंसक संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को एक व्यापक युद्ध की आशंका से भर दिया था। ईरान, इजरायल और इस क्षेत्र के अनेक गैर-राज्यीय समूह आमने-सामने खड़े दिखाई दे रहे थे। इस संघर्ष का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होर्मुज जलमार्ग बन गया था, जहां से विश्व के लगभग पांचवें हिस्से का तेल गुजरता है। जी-7 समूह के देश भी इसको लेकर बंटे हुए थे।

यही कारण है कि जी-7 के भीतर आज पहले जैसी एकजुटता दिखाई नहीं देती। फ्रांस, जर्मनी, कनाडा और जापान जैसे देश कई मुद्दों पर अमेरिका से अलग दृष्टिकोण रखते हैं। ईरान युद्ध ही नहीं, बल्कि जलवायु परिवर्तन के प्रश्न पर, वैश्विक व्यापार के नियमों पर और बहुपक्षीय संस्थाओं की भूमिका को लेकर भी मतभेद सामने आते रहे हैं। ऐसे में यह अपेक्षा करना कठिन है कि यह संगठन विश्व की जटिल समस्याओं के समाधान के लिए कोई सर्वमान्य और प्रभावी रणनीति प्रस्तुत कर पाएगा। इस सम्मेलन में भारत की उपस्थिति विशेष महत्व रखती है। भारत भले ही जी-7 का सदस्य न हो, लेकिन उसकी बढ़ती आर्थिक शक्ति, वैश्विक प्रतिष्ठा और विकासशील देशों के प्रतिनिधि स्वरूप ने उसे इस मंच का एक महत्वपूर्ण सहभागी बना दिया है। यह अवसर केवल भारत की उपलब्धियों को प्रस्तुत करने का नहीं, बल्कि उन विकासशील और निर्धन देशों की आकांक्षाओं को मुखर करने का भी है, जिनकी आवाज अक्सर वैश्विक निर्णय प्रक्रिया में दब जाती है। आज अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के अनेक देश आर्थिक संकट, खाद्य असुरक्षा, जलवायु आपदाओं और ऋण के बोझ से जूझ रहे हैं। उनकी प्राथमिकताएं जी-7 देशों की प्राथमिकताओं से भिन्न हैं। इसलिए भारत को यह प्रश्न उठाना चाहिए कि क्या विश्व की दिशा तय करने का अधिकार केवल कुछ विकसित देशों तक सीमित रहना चाहिए? क्या वैश्विक शासन व्यवस्था को अधिक लोकतांत्रिक, समावेशी और प्रतिनिधिक नहीं बनाया जाना चाहिए? यह समय विकासशील देशों की आवाज को मजबूती देने और वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की चिंताओं को केंद्र में लाने का है। जी-7 की प्रासंगिकता पर सबसे बड़ा प्रश्न उसकी प्रभावशीलता को लेकर है। यदि कोई संगठन विश्व की प्रमुख समस्याओं को रोकने या सुलझाने में सक्षम नहीं है, तो उसकी उपयोगिता स्वतः प्रश्नों के घेरे में आ जाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध वर्षों से जारी है। पश्चिम एशिया लगातार अशांत बना हुआ है। आतंकवाद और कट्टरता की चुनौतियां बनी हुई हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण पूरी दुनिया अभूतपूर्व संकटों का सामना कर रही है। इसके बावजूद वैश्विक नेतृत्व देने का दावा करने वाले मंचों की उपलब्धियां सीमित दिखाई देती हैं। हाल के दिनों में अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने तथा शांति और सहमति की दिशा में बढ़ने की खबरों ने पूरी दुनिया को राहत दी है।



अतिथि संपादक - ललित गर्ग

**प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से बढ़ रही किसानों की आय, आत्मनिर्भर बन रहे मत्स्यपालक**

# मत्स्य पालन बना ग्रामीण समृद्धि का सशक्त माध्यम

**श्री सुनील त्रिपाठी**
सहायक संचालक
**श्रीमति नूतन सिदार**
सहायक संचालक जनसंपर्क

**छ**त्तीसगढ़ में कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ने मत्स्य क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं खोली हैं। आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाओं और अनुदान आधारित योजनाओं के माध्यम से प्रदेश के हजारों मत्स्यपालक आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

मत्स्य पालन आज केवल परंपरागत व्यवसाय नहीं रह गया है, बल्कि यह ग्रामीण परिवारों के लिए आय और रोजगार का एक सशक्त साधन बन चुका है। शासन की योजनाओं से छोटे और सीमांत किसानों को भी मत्स्य व्यवसाय अपनाने का अवसर मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव आया है।





## जशपुर में मत्स्य उत्पादन का नया कीर्तिमान

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के गृह जिले जशपुर में मत्स्य क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल हुई हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले ने पिछले 22 महीनों में 22 हजार 805 मीट्रिक टन मछली उत्पादन का नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। इससे न केवल मत्स्य उत्पादन में वृद्धि हुई है, बल्कि हजारों किसानों और मत्स्यपालकों की आय में भी महत्वपूर्ण बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मत्स्य विभाग के अनुसार जिले में 18.50 करोड़ स्पॉन, 2.55 करोड़ स्टेज फ्राय तथा 2.94 करोड़ मत्स्य बीजों का संचयन किया गया है, जिससे स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है और उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई है।

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मत्स्य उत्पादन को मिल रही नई गति**

## सात हजार से अधिक हितग्राहियों को मिला लाभ

जिले में ग्रामीण स्तर पर 77.67 हेक्टेयर तालाबों तथा 295.27 हेक्टेयर जलाशयों का पट्टा आवंटित किया गया है। इसके साथ ही नाव, जाल, फिंगरलिंग, मत्स्य बीमा तथा विपणन सहायता जैसी सुविधाओं के माध्यम से सात हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है। इन प्रयासों से मत्स्यपालकों को व्यवसाय विस्तार और बेहतर आय अर्जित करने में सहायता मिल रही है।

## आधुनिक तकनीक से बढ़ रही उत्पादकता


प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत तालाब निर्माण, पौंड लाइनर, बायोफ्लॉक इकाइयों की स्थापना और अन्य आधुनिक मत्स्य संरचनाओं के लिए 60 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। इससे मत्स्य उत्पादन की वैज्ञानिक पद्धतियों को बढ़ावा मिला है और उत्पादन लागत कम होने के साथ उत्पादकता में भी वृद्धि हुई है।

## प्रशिक्षण और एक्सपोजर विजिट से मिल रहा नया ज्ञान

मत्स्यपालकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए उन्हें देश के विभिन्न राज्यों में एक्सपोजर विजिट पर भेजा जा रहा है। इन भ्रमण कार्यक्रमों के माध्यम से किसान और स्वयं सहायता समूहों के सदस्य वैज्ञानिक मत्स्य पालन, तालाब एवं बीज प्रबंधन, संतुलित आहार, रोग नियंत्रण तथा विपणन की उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इससे मत्स्य व्यवसाय अधिक लाभकारी और टिकाऊ बन रहा है।

### आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की दिशा में मजबूत कदम

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से मत्स्य उत्पादन, रोजगार सृजन और किसानों की आय बढ़ाने के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में मत्स्य क्षेत्र का निरंतर विस्तार हो रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिल रही है और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान मिल रहा है।





**जिलों में परंपरागत कुओं को पुनर्जीवित किया जाए**

# सनातन व नारी सम्मान पर बड़ी लकीर खींचते योगी आदित्यनाथ

**मु**ख्यमंत्री योगी बेटियों की सुरक्षा के लिए संकल्पवान हैं। वह कई जनसभाओं मे अपना मंतव्य स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर किसी ने बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया तो अगले चैराहे पर उसका इंतजार यमराज कर रहा होगा। योगी जी के बयानों का असर धरातल पर भी दिखाई पड़ता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राजनीति से ऊपर उठकर सनातन धर्म तथा स्त्री गरिमा तथा सम्मान के हित में बड़ी रेखाएं खींच रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव की बेटी के प्रति सोशल मीडिया के माध्यम से आपत्तिजनक बयानबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने केआदेश जारी किए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गयी है। मुख्यमंत्री ने सख्ती के साथ कहा है कि किसी भी बेटी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए हर बेटी का सम्मान होना चाहिए। हम उन संस्कारों में पले -बढ़े हैं जहां गांव की बेटी-बहन को पूरे गांव की बेटी -बहन माना जाता है। मुख्यमंत्री योगी बेटियों की सुरक्षा के लिए संकल्पवान हैं। वह कई जनसभाओं मे अपना मंतव्य स्पष्ट कर चुके हैं कि अगर किसी ने बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया तो अगले चैराहे पर उसका इंतजार यमराज कर रहा होगा। योगी जी के बयानों का असर धरातल पर भी दिखाई पड़ता है। बेटियों के साथ होने वाली अप्रिय घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही हो रही है। आरोपियों का हाफ एनकाउंटर हो रहा है तथा आवश्यकता पड़ने पर बुलडोजर एक्शन भी हो रहे हैं। प्रदेश में नारी समाज को सशक्त बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। नवरात्रि के अवसर पर मिशन शक्ति जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से नारी सशक्तीकरण का महाअभियान चलाया जा रहा है। सपा मुखिया अखिलेश यादव की बेटी पर टिप्पणी करने वालों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रवैया दिखाकर सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा बुने जा रहे चक्र व्यूह को एक ही झटके में ध्वस्त कर दिया है। सपा मुखिया अखिलेश की बेटी अदिति पर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री योगी ने जो एक्शन लिया है उसने



इस दुखद घटना पर बनाए जा रहे सपा के राजनैतिक नैरेटिव को ध्वस्त कर दिया है। जब सोशल मीडिया के माध्यम से यह विवाद बड़े राजनीतिक तूफान में बदल रहा था और सपा योगी जी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह कहकर घेरने का प्रयास कर रही थी कि, "जिनका खुद का परिवार नहीं वो परिवार का दर्द क्या समझेंगे" तब योगी जी इस घटना के जिम्मेदार लोगों को ढूंढ रहे थे। योगी जी ने अपराधियों पर तुरंत एफआईआर कराने के निर्देश जारी करते हुए कहा कि वह किसी भी बेटी क्यों न हो बेटी पर अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं है। यूपी चुनाव से पहले योगी आदित्यनाथ ने अपने इस कदम से सिद्ध कर दिया है कि महिला सुरक्षा और सम्मान के मामले में उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के काम करती है। इससे सपा मुखिया रक्षात्मक रुख अपनाने को बाध्य हो गए हैं। अब भाजपा सपा के पुराने बयानों और सोशल मीडिया पोस्ट्स को लेकर उस पर हमलावर है। जो मुद्दा सरकार को घेरने के लिए तैयार किया जा रहा था उस पर योगी जी की प्रशासनिक और राजनीतिक सूझबूझ का बुलडोजर चल गया है। समाजवादी पूर्व में कई बार नारी सम्मान व उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली बयानबाजी करते रहे हैं। स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने एक बार कहा था कि "लड़के हैं गलतियां हो जाती हैं। सपा के कद्दावर नेता माने जाने वाले आजम खां जैसे नेता तो कई बार महिलाओं की गरिमा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। मायावती जी पर तो सपाइयों ने हमला ही बोल दिया था। सपा राज में महिला सुरक्षा की कितनी बुरी स्थिति थी यह हर कोई जानता है। योगी की पाती दे रही सनातन विचार-विश्व वृद्धजन दुर्व्यवहार जागरुकता दिवस पर योगी जी ने एक पाती जारी की है। इस पाती में उन्होंने वृद्धजनों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए लिखा है कि उम्र के अमृतकाल में वृद्धजनों को अपनत्व की सर्वाधिक आवश्यकता होती है।

## मानवीय त्रासदी की आखिर चिंता किसे

बड़े पर्यटन स्थल के रूप में उभरने की भारत की महत्त्वाकांक्षा पहले ही चोटिल हो चुकी है। अब ये धारणा बनी कि यहां सुरक्षित स्थितियां नहीं हैं, तो मेडिकल टूरिज्म भी प्रभावित हो सकता है।

दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में हुए अग्निकांड ने राष्ट्रीय राजधानी में आम प्रशासन के ध्वस्त हो चुके सिस्टम की पोल खोली है। इस दर्दनाक घटना में 21 लोगों की जान गई, जिनमें दर्जन भर विदेशी हैं। दिल्ली में बेड एंड ब्रेकफास्ट (बीएंडबी) स्कीम के तहत आवासीय इलाकों में मकानों को होटल की तरह चलाने की छूट मिली हुई है। मगर, इसके लिए नियम और शर्तें तय हैं। बुधवार को हुए हादसे ने बताया कि इन नियम- शर्तों की किस धड़ल्ले से और कितना बेखौफ होकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जिस बीएंडबी होटल में आग लगी, उसे छह कमरे देने की इजाजत थी, मगर वहां 26 कमरों में आगंतुक रखे जा रहे थे। फायर संबंधी अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की जरूरत उसके मालिक नहीं समझी थी! और अब यह साफ है कि दिल्ली सरकार या एमसीडी के अधिकारियों ने निगरानी या औचक निरीक्षण की या तो जरूरत नहीं समझी, या फिर उनकी मिलीभगत से यह गोरखधंधा चल रहा था। अब मीडिया रिपोर्टों से यह भी साफ है कि उस इलाके में ऐसे अपने होटल चल रहे हैं। और उसी इलाके में क्यों, जब वहां ऐसा हो रहा है, तो अनुमान लगाया जा सकता है कि ऐसा राष्ट्रीय राजधानी के अन्य इलाकों में भी चल रहा होगा!

# मोदी युग के 12 वर्ष : राष्ट्र पुनर्जागरण का स्वर्णिम अध्याय

**अटल-आडवाणी के स्वप्न से विकसित भारत के संकल्प तक**



**आशीष भूषणिया**
**सामाजिक एवं राजनीतिक चिंतक, रायपुर (छत्तीसगढ़)**

भारतीय लोकतंत्र के अमृतकाल में यदि किसी कालखंड को राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, सुशासन, निर्णायक नेतृत्व और वैश्विक प्रतिष्ठा के उत्कर्ष का काल कहा जाए तो निस्संदेह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के ये बारह वर्ष उस गौरवपूर्ण अध्याय के रूप में स्मरण किए जाएंगे।

वर्ष 2014 में देश की जनता ने एक साधारण परिवार से निकले कर्मयोगी को भारत की बागडोर सौंपी थी। आज लगातार 12 वर्षों तक देश का नेतृत्व करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक नया इतिहास रच दिया है। यह केवल किसी व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि करोड़ों देशवासियों के विश्वास, आकांक्षाओं और सपनों की विजय है।

यह यात्रा अचानक नहीं बनी। इसकी मजबूत नींव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, भारत र% अटल बिहारी वाजपेयी, लौह पुरुष लालकृष्ण आडवाणी तथा प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. मुरली मनोहर जोशी जैसे युगपुरुषों ने अपने तप, त्याग और संघर्ष से तैयार की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसी वैचारिक विरासत को जन-जन की शक्ति में परिवर्तित करते हुए भारतीय जनता पार्टी को विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित किया।

### राष्ट्रीय सुरक्षा : अब भारत सहता नहीं, उत्तर देता है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा नीति में ऐतिहासिक परिवर्तन देखने को मिला। उरी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक और आतंकवाद के विरुद्ध कठोर रुख ने यह संदेश दिया कि नया भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। हाल के वर्षों में आतंकवाद के विरुद्ध चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल निंदा तक सीमित रहने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि निर्णायक कार्रवाई करने वाला शक्तिशाली राष्ट्र बन चुका है।

## कोविड संकट में दुनिया के लिए उदाहरण बना भारत

- दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान।
- 80 करोड़ लोगों के लिए निःशुल्क राशन।
- गरीब कल्याण पैकेज।
- वैक्सीन मैत्री अभियान के माध्यम से अनेक देशों की सहायता।
- स्वास्थ्य अवसंरचना का तीव्र विस्तार।

### आर्थिक सुधारों का साहसिक दौर

**नोटबंदी - काले धन और नकली नोटों पर प्रहार**

वर्ष 2016 में लिया गया नोटबंदी का निर्णय भारतीय अर्थव्यवस्था के इतिहास में एक साहसिक कदम था। इसका उद्देश्य नकली नोटों, काले धन और आतंकवाद के वित्तपोषण पर प्रहार करना था। इसके साथ ही डिजिटल भुगतान प्रणाली को व्यापक प्रोत्साहन मिला।

**जीएसटी - एक राष्ट्र, एक कर**

वस्तु एवं सेवा कर (GST) लागू करके देश को एकीकृत कर व्यवस्था प्रदान की गई। इससे व्यापार में पारदर्शिता और प्रक्रियाओं में सरलता आई तथा भारत एक साझा आर्थिक बाजार के रूप में सशक्त हुआ।

**आत्मनिर्भर भारत**

- मेक इन इंडिया
- स्टार्टअप इंडिया
- डिजिटल इंडिया
- वोकल फॉर लोकल
- सेमीकंडक्टर मिशन
- रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता

**गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता**

- प्रधानमंत्री आवास योजना
- उज्ज्वला योजना
- आयुष्मान भारत
- जनधन योजना
- किसान सम्मान निधि
- हर घर जल
- हर घर बिजली

**सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय एकीकरण का नया अध्याय**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता को नई ऊर्जा प्रदान की।

- जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35-ए का ऐतिहासिक निष्कासन।
- जम्मू-कश्मीर में आधारभूत संरचना, पर्यटन, शिक्षा और निवेश के क्षेत्र में तीव्र विकास।
- मुस्लिम महिलाओं को सामाजिक न्याय प्रदान करते हुए तीन तलाक जैसी कुप्रथा का उन्मूलन।
- अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर निर्माण का ऐतिहासिक अध्याय।
- काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास।
- महाकाल लोक का निर्माण।
- नई संसद भवन का लोकार्पण।
- भारत की प्राचीन सभ्यता और आधुनिक विकास का समन्वय।

**पूर्व से पश्चिम तक भाजपा का अभूतपूर्व विस्तार**

असम में भाजपा की मजबूत नींव

पूर्वोत्तर भारत आज विकास और सुशासन का नया केंद्र बन चुका है। असम सहित अनेक राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगी दलों की सरकारें राष्ट्र की मुख्यधारा को मजबूत कर रही हैं।

## पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक विजय

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि पश्चिम बंगाल में 4 मई 2026 को भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन भारतीय राजनीति की ऐतिहासिक घटनाओं में शामिल हो चुका है। यह केवल चुनावी जीत नहीं, बल्कि वैचारिक विजय और राष्ट्रवादी राजनीति के विस्तार का प्रतीक है।

**ओडिशा में परिवर्तन का नया अध्याय**

लंबे समय तक एक ही दल के शासन के बाद ओडिशा की जनता ने भाजपा को जनादेश देकर विकास और सुशासन पर अपनी मुहर लगाई। यह विजय भाजपा के निरंतर विस्तार और जनता के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है।

**विश्व मंच पर भारत का बढ़ता गौरव**

- सफल जी-20 शिखर सम्मेलन।
- अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की वैश्विक मान्यता।
- चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 की सफलता।
- वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका।
- विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्थान।

यदि अटल बिहारी वाजपेयी ने भारतीय राजनीति को नई स्वीकार्यता प्रदान की, लालकृष्ण आडवाणी ने संगठन को शक्ति दी, डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने विचारधारा को दिशा दी, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन महापुरुषों के स्वप्नों को जन-जन की आकांक्षाओं से जोड़कर उसे राष्ट्र पुनर्जागरण के विराट अभियान का स्वरूप प्रदान किया। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक उन्मूलन, श्रीराम मंदिर निर्माण, जम्मू-कश्मीर का तीव्र विकास, आत्मनिर्भर भारत का संकल्प, राष्ट्रीय सुरक्षा की मजबूती और विश्व मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा इस बात का प्रमाण हैं कि मोदी युग के ये 12 वर्ष केवल शासन के बारह वर्ष नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान, आत्मविश्वास, सांस्कृतिक जागरण और वैश्विक प्रतिष्ठा के स्वर्णिम बारह वर्ष हैं।

"मोदी युग का यह कालखंड आने वाली पीढ़ियों द्वारा भारत के पुनर्जागरण और विकसित भारत की आधारशिला के रूप में स्मरण किया जाएगा।"

वंदे मातरम्।



# संस्कार और शिक्षा का संगम बना सरस्वती शिशु मंदिर, 40 वर्षों से गढ़ रहा श्रेष्ठ नागरिक

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** नगर का सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा और संस्कार के समन्वय का उत्कृष्ट केंद्र बनकर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है। विद्या भारती से संबद्ध यह शिक्षण संस्था भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से संस्कारित पीढ़ी के निर्माण में निरंतर योगदान दे रही है।




विद्यालय की स्थापना लगभग 40 वर्ष पूर्व हुई थी। प्रारंभिक दौर में रामचंद्र सागरमल धर्मशाला में मात्र 10 विद्यार्थियों के साथ निःशुल्क शिक्षा कार्य प्रारंभ किया गया था। समय के साथ विद्यालय का विस्तार हुआ और आज यह क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में शामिल है। वर्तमान में विद्यालय का स्वयं का भवन है तथा लगभग 85 गांवों के विद्यार्थी यहां अध्ययनरत हैं।

विद्यालय के प्राचार्य लखन साहू ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में कुल 856 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। नए शैक्षणिक सत्र में अब तक 40 नए विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। विद्यालय में 35 शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित आया, चपरासी और वाहन चालकों को मिलाकर लगभग 50 सदस्यीय स्टाफ कार्यरत है। उन्होंने बताया कि आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां भी जारी हैं।

सरस्वती शिशु मंदिर एवं सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान कर उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना तथा उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनाना है। विद्यालय शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ खेलकूद, सांस्कृतिक एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी जिले स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जाना जाता है।

विद्यालय की विशेषता यह है कि यहां आधुनिक शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और अनुशासन का समावेश किया जाता है। विद्यार्थियों को केवल पाठ्यक्रम की शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला, सामाजिक दायित्वों और राष्ट्रभक्ति के संस्कार भी प्रदान किए जाते हैं। कक्षाओं के सुचारु संचालन के लिए छात्र प्रतिनिधियों का चयन किया जाता है तथा आचार्यों द्वारा विद्यार्थियों के आचरण एवं संस्कारों पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

अभिभावक प्रेम परमार ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। यहां बच्चों को पढ़ाई के साथ भारतीय संस्कार, नैतिक मूल्य और आधुनिक शिक्षा का बेहतर वातावरण मिलता है, जिससे उनका व्यक्तित्व निखरता है।

विद्यालय का वातावरण पारिवारिक और अनुशासित है, जहां छात्र-छात्राएं आपसी सम्मान और भाई-बहन की भावना के साथ अध्ययन करते हैं। यही कारण है कि सरस्वती शिशु मंदिर आज क्षेत्र में शिक्षा और संस्कार का एक आदर्श केंद्र बनकर उभरा है।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया

**भाटापारा।** स्वामी आत्मानंद स्कूल रावणभाठा मैदान में नए शिक्षा सत्र 2026-27 की शुरूआत शाला प्रवेश उत्सव के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। पहले ही दिन सुबह से छात्र-छात्राओं के स्कूल पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। लंबे अवकाश के बाद विद्यालय पहुंचे बच्चों में नए सत्र को लेकर उत्साह देखने को मिला। शासन के निर्देशानुसार, आयोजित शाला प्रवेश उत्सव के तहत नवप्रवेशी विद्यार्थियों सहित सभी बच्चों का तिलक लगाकर, पेन, पेंसिल ज़ेंट कर स्वागत किया गया। जिससे बच्चों में उत्साह का माहौल बना रहा। नए सत्र के पहले दिन विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों, विद्यालय की गतिविधियों एवं शैक्षणिक व्यवस्था की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्राचार्य अशोक सिंह परिहार द्वारा छात्र छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने तथा मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालयों में बच्चों की चहल-पहल से रौनक लौट आई। कक्षाओं में नए मित्रों से मुलाकात और शिक्षकों से परिचय को लेकर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित नजर आए। शाला प्रवेश उत्सव का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ना तथा शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस प्रकार विद्यालय में उत्साह और उमंग के साथ नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ हुआ।



### मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष उपलब्धि से भरे हुए है - केदारनाथ गुप्ता



**भाटापारा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद के नेतृत्व में केंद्र की एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्वर्गीय गोविंद सारंग भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि सन् 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली थी, तब भारत दुनिया की 11वीं अर्थव्यवस्था था। आज हम 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरी बनने की ओर अग्रसर हैं। ये 12 साल भारत के इतिहास का स्वर्णिम काल है। गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने अंत्योदय के मंत्र को धरातल पर उतारा है। गरीब कल्याण की बात हो तो 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 4 करोड़ से अधिक पीएम आवास, 12 करोड़ शौचालय, 10 करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन दिए गए। किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि से 6 हजार सालाना, एमएसपी में ऐतिहासिक बढ़ोतरी और धान पर बोनस दिया गया। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, लखपति दीदी योजना, 3 करोड़ ड्रोन दीदी का लक्ष्य रखा गया है। युवाओं के लिए मुद्रा योजना, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया से रोजगार के नए अवसर बने। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 की समाप्ति, राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक पर कानून, सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर जैसे निर्णयों से भारत का मस्तक पूरी दुनिया में ऊंचा हुआ है। उक्त अवसर पर उपस्थित भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की राजनीति की दिशा और दशा दोनों बदल दी। पहले योजनाएं कागजों पर बनती थीं, अब सीधे गरीब के घर तक पहुंचती हैं। छत्तीसगढ़ और भाटापारा की जनता ने भी इसका लाभ उठाया है। जनधन खाता, आयुष्मान भारत, हर घर जल, पीएम आवास - हर योजना में भाटापारा अग्रणी रहा है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा, मोदी के नेतृत्व में भारत ने कोरोना जैसी महामारी को हराया, करोडो वैक्सीन मुफ्त लगाई और दुनिया की मदद भी की। भारत जी20 देश की अध्यक्षता कर चुका है, चंद्रयान चांद पर पहुंचा है। ये नया भारत है जो न झुकता है, न रुकता है। 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 60 साल पर मोदी के 12 साल भारी हैं। कांग्रेस ने सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा दिया, मोदी जी ने गरीबी हटाई है। उक्त अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद यादव,पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रदेश सदस्य राकेश तिवारी, पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, टेशूलाल धुरंधर, राजीव सिंह, राहुल सोनी , राजा कामनानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 39 भेड़ें और एक बकरा मौत

**धमतरी** । जिले के मगरलोड क्षेत्र में शुक्र वार को मौसम का मिजाज अचानक बदला और आसमानी बिजली ने एक पशुपालक पर ऐसा कहर बरपाया कि उसकी वर्षों की मेहनत पलभर में खत्म हो गई। ग्राम डूमरपाली में बिजली गिरने से 39 भेड़ों और एक बकरे की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज गरज-चमक और बारिश के दौरान पशु खुले क्षेत्र में थे। इसी बीच अचानक गिरी बिजली की चपेट में आने से सभी 40 पशुओं की जान चली गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। इस हादसे से पशुपालक को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है। इधर, मौसम विभाग ने प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है।

#### भाटापारा पुलिस को बड़ी सफलता

## 15 हजार रूपये मूल्य के अवैध महुआ शराब व मशरूका बरामद

**भाटापारा।** अवैध कारोबार में लिप्त लोगो के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे धर पकड़ मुहिम में पुलिस की टीम को उस वक्त बड़ी सफलता मिली जब अनुविभागीय पुलिस अधिकारी तारेश साहू के नेतृत्व में तथा एसपी ओपी शर्मा के निर्देशन में पुलिस टीम ने ग्राम टोनाटार में छापामार कार्यवाही करते हुए संतकुमार चेलक के घर व बाड़ी से भारी मात्रा में महुआ शराब व शराब बनाने का उपकरण जब्त किया। संत कुमार चेलक के कब्जे से पुलिस को 100 लीटर अवैध महुआ शराब जिसकी अनुमानित कीमत 10 हजार रूपयें है वह बरामद किया गया। साथ ही अवैध शराब बनाने के उपकरण जिसमें एक नग छोटा गैस सिलेंडर इंडियन कंपनी का भरा हुआ 01 नग चुल्हा , 02 नग दस लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक बाल्टी , 01 नग प्लास्टिक पाईप तथा 02 नग भगोना बरामद करने में सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने संत कुमार चेलक के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम तथा नये कानून की सुसंगत धारा के तहत कार्यवाही की है। उक्त कार्यवाही से अवैध शराब बनाने व बेचने वालो के विरूद्ध हड़कंप मचा हुआ है।



## कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में बी. सी. ए. तृतीय वर्ष का परिणाम शत प्रतिशत रहा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** स्थानीय कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट देवरीप. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से संबंधित बीसीए तृतीय वर्ष परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। महाविद्यालय में अध्ययनरत बीसीए की छात्रा मधु साहू 72.7 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया एंव सेउक ने 68.3 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया । छात्रों के उत्कृष्ट परिणाम पर महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला , प्राचार्य डॉ वंदना चौहान ने अच्छे परिणाम के लिए बधाई दी है। महाविद्यालय कम्प्यूटर संकाय के सहायक प्राध्यापिका श्रीमती सुषमा दुबे व सहा. प्राध्यापक वैभव गुप्ता एंव मयंक सिंह के मार्ग दर्शन में छात्रझछात्राओं ने सफलता प्राप्त किए ।





## विशाखापट्नम में आयोजित अखिल भारतीय समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की सक्रिय सहभागिता

**रायपुर।** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सर्वोच्च नीतिनिर्धारक संस्था, अखिल भारतीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 14 जून 2026 को आंध्र प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में विशाखापट्नम में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। देशभर से आए पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने इस बैठक में सहभागिता कर संगठन के विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम सिंघानिया जी, प्रादेशिक महासचिव सीए जी.जी. अग्रवाल जी तथा प्रादेशिक कोषाध्यक्ष श्री सुरेश चौधरी जी ने किया।






बैठक के दौरान प्रादेशिक महासचिव सीए जी.जी. अग्रवाल जी ने छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा संचालित एवं प्रायोजित विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक, सेवा एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की संक्षिप्त एवं प्रभावी प्रस्तुति दी। उन्होंने प्रदेश में संगठन द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों, सामाजिक उत्थान, युवा एवं महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सेवा गतिविधियों की जानकारी उपस्थित सदस्यों को प्रदान की।

छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की सक्रिय कार्यप्रणाली एवं विविध कार्यक्रमों की जानकारी को उपस्थित राष्ट्रीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सराहा गया। बैठक में संगठन के भावी कार्यक्रमों, विस्तार योजनाओं एवं समाजहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी सार्थक चर्चा हुई।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, संगठन महामंत्री पवन साय एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा से की भेंट



ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा से सौजन्य भेंट एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिला।

भेंट के दौरान संगठन की मजबूती, राष्ट्रहित एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। वरिष्ठ नेताओं ने युवा कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रि य भूमिका निभाने का संदेश दिया। उनके प्रेरणादायी मार्गदर्शन, स्नेह एवं आशीर्वाद से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक समर्पण, निष्ठा एवं ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने की प्रेरणा प्राप्त हुई।

इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा थानखम्हरिया मंडल अध्यक्ष सोनू शर्मा, महामंत्री पारस योगी, सोशल मीडिया विधानसभा प्रभारी प्रवल किशोर मिश्रा तथा सुनील शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से संगठन एवं समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन और अधिक समर्पण भाव से करने का संकल्प सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा की विचारधारा के अनुरूप जनसेवा, राष्ट्र निर्माण एवं संगठन सशक्तिकरण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

#### बिजली कटौती से जनजीवन बेहाल, किसान-व्यापारी परेशान

## बार-बार ट्रिपिंग और कम वोल्टेज की समस्या से बढ़ी मुश्किलें, सुधार की मांग तेज

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती, कम वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या से आमजन, किसान और व्यापारी भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं। अघोषित बिजली कटौती के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है तथा दैनिक कार्यों के साथ कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।



नगरवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच बार-बार बिजली गुल होने से घरों में लगे पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं। ट्रिपिंग की समस्या का कोई निश्चित समय नहीं है। सुबह, दोपहर, शाम अथवा देर रात कभी भी बिजली घंटों बंद हो जाती है, जिससे पेयजल आपूर्ति सहित अनेक आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थिति कमोबेश यही है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा मुख्य रूप से ट्यूबवेल पर निर्भर है, लेकिन लगातार ट्रिपिंग और कम वोल्टेज के कारण खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। इससे फसलों और सब्जी उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। भाजपा जिला महामंत्री राजेश ठाकुर ने बताया कि कम वोल्टेज और लगातार ट्रिपिंग के चलते नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में कृषि कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिन किसानों ने सब्जी एवं अन्य फसलें लगाई हैं, उन्हें सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हर 15 से 30 मिनट में बिजली बंद होना दुर्भाग्यपूर्ण है और विभाग को शीघ्र व्यवस्था सुधारने की आवश्यकता है।

वहीं विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी डी.ई. शुक्ला ने बताया कि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी खामियों को दूर करने के लिए कई बार बिजली बंद कर चालू करनी पड़ती है। विभाग द्वारा समस्या के स्थायी समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं तथा शीघ्र ही व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। उन्होंने थानखम्हरिया पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

लगातार बनी हुई इस समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी है। लोगों ने विद्युत विभाग से जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है ताकि आमजन, किसान और व्यापारियों को राहत मिल सके।

# आवारा मवेशियों के स्वच्छंद विचरण से लोग परेशान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र में इन दिनों सैकड़ो की तादाद में आवारा मवेशियों का विचरण स्वछंद रूप से होने से लोग एक ओर जहां परेशान है वहीं दुसरी ओर आवारा पशुओं के कारण यातायात बाधित हो रहा है। शहर के प्रमुख चौक चौराहे पर आवारा मवेशियों के झुंड में बैठ जाने के कारण दुपहिया व चौपहिया वाहन चालक परेशान है और उन्हें अपने वाहन से उतरकर पशुओं को हकालना पड़ रहा है। अनेक बार तो अंधाधुंध रफतार से वाहन दौड़ाने वाले लोग इन पशुओं को चोटिल करके भाग खड़े हुए है । इस प्रकार की वारदात शहर सीमा के बाहर प्रमुख मार्गो में आये दिन घटित हो रही है। आवारा मवेशी को खेत खलिहान में जहां चारा नसीब नही हो रहा है। वहीं पानी की तलाश में वे भी इधर उधर भटक रहे है । नगर का कोई भी हिस्सा ऐसा नही है जहां पर 25 -50 की संख्या में आवारा गाय , बैल , ज़ैंस ,ज़ैंसा , व सांड नही रहे हो सभी झुंड में सड़क पर डेरा डाले बैठे हुए है जिससे एक ओर जहां यातायात बाधित हो रहा है । वहीं पर सड़क में ही मल मूत्र पशु त्याग रहे है जिससे गंदगी का वातावरण भी बनने लगा है । प्रमुख बाजार के साथ साथ बस स्टैण्ड क्षेत्र व रेलवे स्टेशन क्षेत्र में भी अब आवारा मवेशी खुलेआम दस्तक दे रहे है और तो और प्लेटफॉर्म नंबर पांच के भीतर भी एक घुमंतु सांड प्रवेश करके वहां पर यात्रियों के बीच दहशत पैदा कर रहा है। जिससे अनुमान लगाया जा सकता है कि रेलवे स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था किस कदर कमजोर है। आवारा मवेशियों के धर पकड़ के लिए अभियान चलाते हुए उन्हें शहर के बाहर विभिन्न जंगलो की ओर छोड़े जाने की जरूरत है। ताकि शहर में सैकड़ो की तादाद में आवारा भटक रहे मवेशियों के कारण हो रही बाधा व दुर्घटना दुर हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

## रिश्वत मांगने का विडियो वायरल होने के बाद शाखा प्रबंधक निलंबित



**भाटापारा।** शहर से 17 किलोमीटर दुर ग्राम निपनिया स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक अनिता पांडेय को बैंक के एक खातेदार की मृत्यु के पश्चात उसकी नॉमनी विधवा पत्नि से खाते में जमा राशि के निकालने के नाम पर रिश्वत मांगने के आरोप में बैंक कर्मचारी सेवा अधिनियम 60(3) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उन्हें नोडल कार्यालय जिला महासमुंद में अटैच किया गया है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने श्रीमति पांडेय से कहा है कि वे तत्काल संबंधित को अपना प्रभार सौंपकर नोडल कार्यालय महासमुंद में अपनी उपस्थिति दर्ज करावे एवं उसकी जानकारी उचित माध्यम से मुख्य कार्यालय रायपुर को प्रेषित करें । मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने श्रीमति अनिता पांडेय को निलंबन अवधि में निर्वाह भत्ते के रूप में स्वीकार्य वेतन की आधी राशि के बराबर जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता को बहाल रखा है। उक्त अवधि में पांडेय को किसी भी प्रकार के अवकाश की पात्रता नही होगी वे सक्षम अधिकारी के बिना लिखित पूर्व अनुमति के अपना मुख्यालय नही छोड़ेंगी । यह विदीत रहे कि बैंक के खाता धारक की मृत्यु के पश्चात उसकी विधवा पत्नि से लाखो रूपयें की जमा राशि निकालने के एवज में शाखा प्रबंधक अनिता पांडेय ने 10 हजार रूपयें रिश्वत की मांग की थी जिसके पश्चात एक विडियों वायरल होने पर जिला कलेक्टर ने उक्त प्रकरण के जांच के निर्देश जारी किये थे। जिसपर जांच उपरांत शाखा प्रबंधक को निलंबित कर दिया गया है।

## निधन - लोकनाथ पांडेय



**भाटापारा।** महावीर वार्ड निवासी लोकनाथ पाण्डेय का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए ।

## कोयले से भरा ट्रेलर पलटा, चपेट में आने से दो सगे भाईयों की हुई मौत

बिलासपुर । जिले के बेलतरा हाईवे पर शुक्र वार को हुए भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार कोयला लदा ट्रेलर अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया और उसकी चपेट में आए बाइक सवार दो सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान संदीप रजक और प्रदीप रजक के रूप में हुई है। दोनों भाई काम खत्म कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बेलतरा हाईवे पर सामने चल रहा ट्रेलर चालक के नियंत्रण से बाहर होकर पलट गया। भारी वाहन के नीचे दबने से दोनों भाइयों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेलर के नीचे फंसे दोनों युवकों के शव बाहर निकाले गए। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में हादसे की वजह ट्रेलर की तेज रफ्तार और चालक का वाहन पर नियंत्रण खोना माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक ही परिवार के दो कमाऊ बेटों की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्यमंत्री से की सौजन्य भेंट



रायपुर। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने शॉल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। साथ ही छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विश्वविख्यात बस्तर दशहरा पर आधारित कॉफी टेबल बुक भी उन्हें भेंट की। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के छत्तीसगढ़ आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत बनाने, संसदीय मर्यादाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा जनप्रतिनिधियों की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाने में उनका योगदान प्रेरणादायी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री बिरला के नेतृत्व और मार्गदर्शन से लोकतांत्रिक संस्थाएं और अधिक सशक्त होंगी तथा लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी।

## हटरी बाजार अंडर ब्रिज प्रारंभ नहीं होने से परेशानी बढ़ी



**भाटापारा।** हटरी बाजार सब्जी बाजार को विभिन्न वार्डो से जोड़ने वाली रेलवे अंडर ब्रिज मछली मार्केट के सामने का हिस्सा अब तक यातायात के लिए प्रारंभ नही किये जाने से व्यापारियों में रोश व्याप्त है । एक लंबे अवधि के बाद भी बंद रेलवे अंडर ब्रिज प्रारंभ नही होने से लोग नाराज है । क्योकि लाल बहादुर शास्त्री वार्ड , वीर नारायण सिंह वार्ड , बजरंग वार्ड , मुंशी स्माईल वार्ड , राम सागरपारा वार्ड सहित सुरखी , खपराडीह, सेन्द्री व अन्य दर्जन भर गांव के लोग इस अंडर ब्रिज के रास्ते से आसानी से हटरी बाजार सब्जी बाजार आकर किराना सामान व सब्जियों का क्रय - विक्रय कर सकते थे लेकिन एक लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी अंडर ब्रिज को यातायात के लिए प्रारंभ नही किया जा सका है जिसके कारण हजारों नागरिक व ग्रामीण परेशान है।

वर्तमान में उक्त अंडर ब्रिज के नजदीक अथाह गंदगी का साम्राज्य व्याप्त है साथ ही वहां पर लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र में कूड़ा करकट , कचरा फैला हुआ है । जिस पर मवेशी वहां स्वच्छंद विचरण करते हुए अपना चारा तलाश रहे है। अंडर ब्रिज के प्रारंभ नही होने से लोग नाराज है जनहित में उक्त अंडर ब्रिज को यातायात के लिए शीघ्र प्रारंभ करने तथा उक्त क्षेत्र में व्याप्त गंदगी को हटाने की पुरजोर मांग हटरी बाजार के लोगो ने फिर से की है।

## भाटापारा - बिलासपुर मार्ग पर सेमरिया पुल मरम्मत के कारण यातायात अवरूद्ध , केवल हल्के वाहनों को ही जाने की अनुमति

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। बिलासपुर सड़क मार्ग पर शहर से सात किलोमीटर दुर स्थित सेमरिया घाट शिवनाथ नदी पुल पर मरम्मत कार्य पिछले दो दिनों से जारी होने के कारण उक्त मार्ग को हैवी वाहन के लिए बंद कर दिया गया है।




जिसके चलते अब तमाम प्रकार के हैवी वाहन कैप्शुल वाहन, सीमेंट लदे वाहन, रेती परिवहन कर रहे हाईवा वाहन तथा विभिन्न प्रकार के मार्ग में चलने वाले तमाम यात्री बसों जिसमें भाटापारा से बिलासपुर भाटापारा से बेमेतरा , भाटापारा से पथरिया , भाटापारा से नवागढ़ के अलावा सरगांव , बैतलपुर , मारो सहित अन्य स्थलों की ओर जाने वाले तमाम बसों को अब तरेंगा ,रोहरा, लिमतरा , नांदघाट के उच्च स्तरीय पुल के रास्ते आवा जाही करना पड़ रहा है। जिसके कारण लोगो को अधिक समय के साथ साथ आर्थिक भार भी पड़ रहा है । मौजुदा समय में लगभग 56 वर्ष पुराने सेमरिया घाट पुल के जर्जर हो जाने के कारण प्रशासन की ओर से बारिश के पूर्व उसे मरम्मत किया जा रहा है जिसके कारण बकायदा बस स्टैण्ड चौक पर सूचना लगाकर यातायात को रोका गया है । जिसमें हैवी वाहन व बसों को आवा जाही के लिए मरम्मत कार्यकाल के दौरान बंद रखा गया है । इस सूचना के बावजूद अनेक वाहन अल सुबह जबरदस्ती उक्त नियमों का उल्लंघन कर आवा जाही कर रहे है। जिससे मरम्मत कार्य में बाधा भी उत्पन्न हो रही है ।

# पुलिस थाना में चला स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान मारवाड़ी युवा मंच के सहयोग से रोपे गए पौधे

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए पुलिस थाना शहर परिसर में विशेष स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य परिसर को सुंदर और हरा-भरा बनाना तथा आम जनमानस को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना था। अभियान के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई की गई। इसके पश्चात, मारवाड़ी युवा मंच के ऊर्जावान युवाओं के विशेष सहयोग और सहभागिता से थाना परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। तारेश साहू एसडीओपी ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। पुलिस बल न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों में भी अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। उक्त अवसर पर इस अभियान में टीआई अमित पाटले,प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी , शाखा अध्यक्ष सिद्धार्थ गोल्छा , गोपाल शर्मा , विनोद अग्रवाल , अभिषेक टाटिया , कैलाश बंसल , आशीष टोडर , भावेष अग्रवाल , गौरव बावला , वैभव सांकला , मंच मित्र आलोक त्रिवेदी , मनीष चौरसिया , अमिताभ शर्मा , अंशी बंसल सहित थाना के समस्त पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और मारवाड़ी युवा मंच के पदाधिकारी व भारी संख्या में युवा सदस्य उपस्थित थे।

# माल वाहक वाहनों में बड़े पैमाने पर यात्री ढोये जा रहे हैं, पुलिस की कार्यवाही जरूरी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र में इन दिनों सड़क मार्ग पर यातायात नियम व कानून का उलंघन कर बड़ी तादाद में माल वाहक गाड़ियों में सवारी ढोए जा रहे है । उपरोक्त किस्म के वाहनों में बड़ी तादाद में महिला व पुरूष सवारी बैठाने के कारण दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। जबकि प्रशासन का यह स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी प्रकार के माल वाहक गाड़ियों में सवारी न बैठाया जाये उसके बावजुद 40 से 50 महिला पुरूष को बैठाकर अनेक चौपहिया छोटा हाथी वाहन , माजदा वाहन , ट्रैक्टर , मेटाडोर धड़ल्ले से क्षेत्र में दौड़ रहे है। रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अवैध रूप से सवारी लदे हुए माल वाहक धड़ल्ले से सवारी ढोकर प्रशासन को चुनौती दे रहे है। उपरोक्त वाहन जो कि करहीबाजार बिटकुली, खैरा,पाटन, धनेली, मोपकी ,मोपका , निपनिया,सिंगारपुर, बोरही क्षेत्र से आ रहे है उस क्षेत्र में बकायदा करहीबाजार पुलिस चौकी एवं निपनिया में पुलिस चौकी है उसके बावजुद माल वाहक में मानव परिवहन का होना दुर्भाग्य जनक व्यवस्था को उजागर करता है। इसके पूर्व माल वाहक में सवारी परिवहन करते अनेक वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो चुके है जिसमें बलौदाबाजार भाटापारा मार्ग पर कुछ वर्ष पूर्व एक गंभीर हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोगो की मौत हुई थी उसके बावजुद प्रशासन द्वारा माल वाहक में सवारी ढोने वालो के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही नही किये जाने से उनके हौसले बुलंद है । फलस्वरूप भाटापारा शहर के चारो दिशाओं में माल वाहक वाहन बेखौफ होकर सवारी ढो रहे है जिसपर कार्यवाही करना जरूरी हो गया है।

# नये शिक्षा सत्र के साथ पुस्तक बाजार में ग्राहकों की चहल पहल बढ़ी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** नये शिक्षा सत्र के प्रारंभ होने के सुगबुगाहट के बीच नगर के लगभग 3 दर्जन से अधिक छोटे बड़े सभी पुस्तक कॉपी दुकानों में ग्राहकी का दौर शुरू हो गया है। अधिकांश छात्र छात्रायें अपने अपने पालकों के साथ जरूरत की पुस्तक व कॉपी सहित स्कू ल बैग , वाटर बैग सहित अन्य सामान लेने पहुंच रहे है । डिजीटल क्रांति के इस युग में हालांकि पुस्तक विक्रेताओं के कथन अनुसार 35 प्रतिशत ग्राहक कम हुए है उसके बावजुद शासकीय व निजी स्कुलो के प्रचलन में अभी भी 65 प्रतिशत पुस्तक व कॉपियों का प्रचलन व प्रयोग जारी है जिससे कारोबार में आंशिक गिरावट दर्ज की गई है । लेकिन लिखने पढ़ने वालो का जज्बा अभी भी बरकरार है जिसके कारण बाजार में ग्राहकी का संतोषप्रद माहौल अभी भी कायम है । नर्सरी से लेकर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा की किताबों के साथ साथ कॉपियों की मांग उठ खड़ी हुई है। शासन द्वारा कॉपियों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाये जाने के निर्णय को वापस लिये जाने के बाद अब कॉपिया सस्ते दर पर बाजार में उपलब्ध है। नगर के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय , अर्धशासकीय व निजी स्कूलो के छात्र छात्रायें अपनी कक्षा अनुसार जरूरत की किताब , कॉपी व अध्ययन सामग्री खरीदने पालकों के साथ पहुंचने लगे है। वहीं स्कूल प्रारंभ होने की आहट के साथ ही दर्जन भर से अधिक कपड़ा दुकानों में स्कूली ड्रेस व मोजे बिकने का क्रम भी प्रारंभ हो गया है । जिसके कारण पुस्तक बाजार के साथ साथ कपड़ा बाजार में भी ग्राहकी का अंबार लगने लगा है। ग्राहकी के बाजार में आने से गर्मी के बावजुद पुस्तक व कपड़ा बाजार में भारी चहल पहल का वातावरण बनने लगा है।

# इतिहास में पहली बार रेल मानचित्र पर उभरेगा जशपुर

## धरमजयगढ़- पत्थलगांव-लोहरदगा नई रेल लाइन परियोजना को केंद्र सरकार की अधिसूचना, विकास के नए युग में प्रवेश करेगा क्षेत्र

**रायपुर।** जशपुर जिले के विकास इतिहास में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई है। भारत सरकार के रेल मंत्रालय द्वारा धरमजयगढ़- पत्थलगांव-लोहरदगा नई रेल लाइन परियोजना को विशेष रेल परियोजना के रूप में अधिसूचित किए जाने के साथ ही जशपुर को पहली बार रेल नेटवर्क से जोड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। यह केवल एक रेल परियोजना नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास की नई आधारशिला है।

लगभग 291.881 किलोमीटर लंबी यह महत्वाकांक्षी रेल लाइन रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ से प्रारंभ होकर जशपुर जिले के पत्थलगांव होते हुए झारखंड के लोहरदगा तक पहुंचेगी। परियोजना के क्रियान्वयन से जशपुर जिला सीधे राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगा और क्षेत्र के विकास को अभूतपूर्व गति मिलेगी।

यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में विकसित की जा रही आधुनिक आधारभूत संरचना तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष प्रयासों का परिणाम है। वर्षों से क्षेत्रवासियों द्वारा उठाई जा रही रेल संपर्क की मांग अब साकार होने की दिशा में निर्णायक चरण में पहुंच गई है।

रेल मंत्रालय द्वारा भारत के राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार रेल अधिनियम, 1989 के प्रावधानों के तहत सार्वजनिक हित और राष्ट्रीय अवसंरचना विकास को ध्यान में रखते हुए इस परियोजना को अधिसूचित किया गया है। अधिसूचना के प्रकाशन के साथ ही परियोजना औपचारिक रूप से प्रभावशील हो गई है।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सतत प्रयासों से साकार हुआ दशकों पुराना सपना

### विकास की मुख्यधारा से जुड़ेगा वनांचल क्षेत्र

प्राकृतिक संसाधनों और संभावनाओं से समृद्ध जशपुर जिला अब तक रेल संपर्क से वंचित था। परिवहन के लिए मुख्यतः सड़क मार्ग पर निर्भरता के कारण आम नागरिकों, विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों और रोजगार की तलाश में बाहर जाने वाले युवाओं को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। नई रेल लाइन के निर्माण से जिले की कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक बदलाव आएगा और लोगों को सुरक्षित, सुलभ तथा किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी।

### किसानों और उद्यमियों के लिए खुलेगी नई संभावनाएं

रेल संपर्क स्थापित होने से जशपुर के कृषि एवं उद्यानिकी उत्पादों को देश के बड़े बाजारों तक पहुंचाना आसान होगा। जैविक खेती, सुगंधित धान, मक्का, दलहन, सब्जियां और बागवानी उत्पादों के लिए पहचान रखने वाले इस क्षेत्र के किसानों को बेहतर बाजार और बेहतर मूल्य मिलने की संभावना बढ़ेगी। परिवहन लागत कम होने से स्थानीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी बढ़ेगी। साथ ही व्यापार और लघु उद्योगों को विस्तार का नया अवसर मिलेगा।

### पर्यटन को मिलेगी नई उड़ान

जशपुर अपनी प्राकृतिक सुंदरता, घने वन क्षेत्रों, जलप्रपातों, धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों के लिए विशेष पहचान रखता है। रेल संपर्क स्थापित होने के बाद पर्यटकों की पहुंच अधिक आसान होगी, जिससे पर्यटन गतिविधियों में वृद्धि होगी। इससे होटल, परिवहन, हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों और अन्य सेवा क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

### शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक बढ़ेगी पहुंच

नई रेल लाइन विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों तक पहुंच को सुगम बनाएगी। वहीं गंभीर मरीजों को बड़े शहरों के अस्पतालों तक शीघ्र पहुंचाने में भी सहायता मिलेगी। इससे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के साथ उनकी उपलब्धता और पहुंच में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा।

### रोजगार और निवेश का नया केंद्र बनेगा क्षेत्र

रेल परियोजना के निर्माण और संचालन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हजारों रोजगार अवसर सृजित होंगे। बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होने से क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

### क्षेत्रवासियों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि

परियोजना की अधिसूचना जारी होने के बाद जशपुर सहित पूरे क्षेत्र में उत्साह और खुशी का माहौल है। लोगों का मानना है कि यह रेल लाइन केवल यातायात सुविधा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए विकास, समृद्धि और नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी। दशकों की प्रतीक्षा के बाद जशपुर का रेल मानचित्र पर स्थान सुनिश्चित होना जिले के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक माना जा रहा है।

धरमजयगढ़- पत्थलगांव- लोहरदगा रेल परियोजना जशपुर के विकास को नई दिशा देने वाली आधारभूत संरचना साबित होगी, जो आने वाले वर्षों में जिले की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने का सामर्थ्य रखती है।



---

अंडर-18 एशिया कप विजेता हॉकी खिलाड़ी अवि मानिकपुरी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की सौजन्य भेंट

# युवा खिलाड़ियों की उपलब्धियां बढ़ा रही हैं छत्तीसगढ़ का गौरव - मुख्यमंत्री साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय अंडर-18 हॉकी टीम के एशिया कप विजेता सदस्य अवि मानिकपुरी ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित थे।





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अवि मानिकपुरी को अंडर-18 एशिया कप में भारत की ऐतिहासिक विजय में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने अवि मानिकपुरी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे इसी समर्पण और लगन के साथ आगे बढ़ते रहें तथा आने वाले समय में भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि अवि की उपलब्धि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह साबित करती है कि अवसर और संकल्प मिलने पर छत्तीसगढ़ की प्रतिभाएं विश्व मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में खेल अधोसंरचना के विकास और खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के प्रयासों से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के नए अवसर मिल रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बिलासपुर निवासी अवि मानिकपुरी भारत के उभरते हुए हॉकी खिलाड़ियों में शामिल हैं। उन्होंने हाल ही में जापान में आयोजित अंडर-18 एशिया कप प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जिसमें अवि मानिकपुरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव डॉ. मनीष श्रीवास्तव तथा अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे उपस्थित थे।

---

# विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए स्कूल बसों का विशेष निरीक्षण

## 30 स्कूल बसों की जांच, चालक-परिचालकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**रायपुर।** स्कूल बसों का विशेष निरीक्षण एक सुरक्षा अभियान है, जिसे परिवहन विभाग, पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों द्वारा संचालित वाहनों की फिटनेस जांचना और छात्रों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है।

### संयुक्त टीम ने 15 जून से जिले में संचालित स्कूल बसों का करेगी निरीक्षण

विद्यार्थियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गरियाबंद जिले में स्कूल बसों का विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह अभियान माननीय सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के दिशा-निर्देशों तथा छत्तीसगढ़ राजपत्र में जारी अधिसूचना के अनुरूप संचालित किया गया। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस, स्वास्थ्य विभाग और जिला सेनानी कार्यालय की संयुक्त टीम ने 15 जून को जिले में संचालित स्कूल बसों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों और परमिट संबंधी शर्तों की जांच की।

### 30 बसों का निरीक्षण सुरक्षा मानकों की हुई विस्तृत जांच

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में पंजीकृत 75 स्कूल बसों में से 30 बसों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बसों में निर्धारित सड़क सुरक्षा प्रोटोकॉल, आवश्यक उपकरणों तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया। परिवहन विभाग द्वारा प्रदूषण प्रमाण-पत्र, कर (टैक्स), बीमा, फिटनेस प्रमाण-पत्र और परमिट सहित सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई, ताकि विद्यार्थियों के परिवहन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

### चालक-परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्कूल बस चालकों और परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बच्चों को सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराने वाले कर्मचारी शारीरिक रूप से स्वस्थ हों और अपनी जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें।

### अनुपस्थित 45 स्कूल बस संचालकों को जारी किया गया नोटिस

### अग्नि सुरक्षा और आपातकालीन प्रबंधन की दी जानकारी

जिला सेनानी कार्यालय द्वारा बसों में लगाए गए अग्निशमन यंत्रों की जांच की गई तथा चालक-परिचालकों को इनके उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अपनाए जाने वाले आवश्यक उपायों के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### अनुपस्थित बस संचालकों पर कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान 45 स्कूल बसें उपस्थित नहीं मिलीं। इस पर संबंधित स्कूल बस संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण और आवश्यक कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

जिला प्रशासन ने कहा कि स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों का पालन बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। संयुक्त निरीक्षण अभियान के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी स्कूल वाहन निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालित हों, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुगम परिवहन सुविधा मिल सके।

---

# शाला प्रवेश उत्सव को जनआंदोलन बनाने आगे आएं जनप्रतिनिधि : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री ने लिखा पत्र -16 से 27 जून तक चलेगा शाला प्रवेश उत्सव अभियान**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर 16 जून से 27 जून 2026 तक आयोजित होने वाले शाला प्रवेश उत्सव में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का सबसे सशक्त आधार है तथा यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने पत्र में प्रदेश के समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं शिक्षा से



जुड़े सभी लोगों को नवीन शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नए शैक्षणिक सत्र के साथ प्रदेशभर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बालक-बालिका का विद्यालय में प्रवेश तथा नियमित अध्ययन सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, महापौर तथा नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्र के किसी विद्यालय में सुविधानुसार उपस्थित होकर अभियान में सहभागी बनें तथा ऐसे बच्चों की पहचान और नामांकन के लिए प्रेरित करें, जो अभी तक विद्यालय से नहीं जुड़े हैं अथवा बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सहभागिता इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने पत्र में उल्लेख किया है कि राज्य सरकार विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम श्री विद्यालयों के माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण विकसित किया जा रहा है तथा वर्ष 2026 से 150 विवेकानंद विद्यालयों की स्थापना कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए मानक स्थापित किए जा रहे हैं। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शासकीय विद्यालयों को आधुनिक, तकनीक-संपन्न और छात्र-केंद्रित संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है।

---

# रक्तदान सबसे बड़ा दान, इससे बड़ी कोई सेवा नहीं - राज्यपाल श्री डेका

## विश्व रक्तदाता दिवस पर राज्यपाल ने रक्तदाताओं का किया सम्मान

**रायपुर।** मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है दूसरे के जीवन की रक्षा करना और यह अपने ही रक्त के एक बूंद से हो सके तो इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है। रक्त का दान सबसे बड़ा दान होता है। राज्यपाल रमेन डेका ने आज प्रदेश के स्वैच्छिक रक्तदाताओं का सम्मान करते हुए उक्त बातें कहीं।






### 30 स्वैच्छिक रक्त दाताओं सहित विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के सदस्य हुए सम्मानित

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित करने के लिए लोकभवन में समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस के अध्यक्ष राज्यपाल श्री डेका ने सर्वाधिक रक्तदान करने वाले प्रदेश के 30 स्वैच्छिक रक्तदाताओं सहित विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर लोकभवन में रेडक्रॉस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लोकभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने उत्सव पूर्वक रक्तदान किया।

### रक्त दाताओं ने निःस्वार्थ भाव से रक्त दान कर लोगों को नया जीवन दिया है

कार्यक्रम को संबोधित करने हुए राज्यपाल ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और यह केवल स्वस्थ व्यक्ति के स्वैच्छिक दान से ही उपलब्ध हो सकता है। राज्यपाल ने कहा कि थैलेसीमिया, सिकल सेल, एनीमिया, हिमोफिलिया, कैंसर तथा दुर्घटना जैसी आपात स्थिति में रक्त की आवश्यकता जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करती है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि यहां के लोगों में जो सेवा भाव है वह दूसरी जगह देखने को नहीं मिलती। रक्तदाताओं ने वर्षो से नि:स्वार्थ भाव से रक्तदान कर अनेक लोगों को नया जीवन दिया है। ऐसे रक्तदाता समाज के लिए प्रेरणा हैं और उनकी सेवा भावना आने वाली पीढ़ियों के लिए उदाहरण है। राज्यपाल ने रेडक्रॉस ब्लड बैंक और उसकी टीम के कार्यो की भी सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था वर्षो से जरूरत मंदों तक जीवनदायी रक्त पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

### रेडक्रॉस स्मारिका का विमोचन

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमेन तोमन साहू ने स्वागत उदबोधन दिया तथा छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. रूपल पुरोहित ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस स्मारिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष रूपेश पाणिग्रही, कोषाध्यक्ष संजय पटेल, रेडक्रॉस ब्लड सेंटर रायपुर के प्रभारी डॉ. सत्यनारायण पाण्डेय, पूर्व चेयरमेन अशोक अग्रवाल रेडक्रॉस के पदाधिकारी, स्वैच्छिक रक्तदाता तथा सहयोगी, संस्थानों तथा संगठनों के सदस्य उपस्थित थे।

मोदी सरकार के 12 वर्ष

# केंद्रीय उपलब्धियों पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का मंत्री केदार कश्यप ने किया उद्घाटन

**रायपुर** / प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर द्वारा टाउन हॉल, कलेक्ट्रेट परिसर, रायपुर में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकसित भारत के संकल्प पर आधारित भव्य जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।





प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप जी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की।

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता के कारण आज भारत विश्व पटल पर एक सशक्त, आत्मनिर्भर और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, सेमीकंडक्टर मिशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा उत्पादन एवं तकनीकी नवाचार जैसे क्षेत्रों में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों नागरिकों को 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है तथा गरीबों के लिए आवास, पेयजल, शिक्षा, कृषि एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं।

भाजपा जिला रायपुर के जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्र निर्माण के स्वर्णिम अध्याय रहे हैं। केंद्र सरकार की योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। यह प्रदर्शनी तीन दिनों तक आमजन के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी के अवलोकन हेतु भारतीय जनता पार्टी के मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता निर्धारित तिथि एवं समयानुसार अपने-अपने क्षेत्रों के नागरिकों के साथ प्रदर्शनी स्थल पहुंचेंगे। उन्होंने रायपुर जिले के नागरिकों से भी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं ऐतिहासिक उपलब्धियों पर आधारित इस प्रदर्शनी का अवलोकन करने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय प्रदर्शनी के सफल संचालन एवं समन्वय हेतु भाजपा रायपुर जिला उपाध्यक्ष अकबर अली को प्रदर्शनी प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप जी, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी जी, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल जी, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी जी, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा जी, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू जी, जिला प्रभारी राजेन्द्र शर्मा जी, सीएसआईडीसी अध्यक्ष राजीव अग्रवाल जी, लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा जी, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती वर्णिका शर्मा जी, छत्तीसगढ़ फिल्म आयोग की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन जी, विकास मरकाम जी, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी जी, सुभाष तिवारी जी, जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति, ललित जयसिंग, जितेंद्र धुरंधर, श्रद्धा मिश्रा, कृतिका जैन, रजियंत ध्रुव, पंकज जगत, संदीप जंघेल, दलविंदर बेदी, सतीश छुगानी, नलिनीश ठोंकने, सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

## आईपीएस सुंदरराज बने एनआईए के आईजी, आदेश जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुंदरराज पी को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) में इंस्पेक्टर जनरल (आईजी) के पद पर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आधिकारिक आदेश जारी कर उनकी नियुक्ति को मंजूरी प्रदान कर दी है। जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2003 बैच के आईपीएस अधिकारी सुंदरराज पी की यह नियुक्ति प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) के आधार पर की गई है। मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर निर्देश दिया है कि उन्हें तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त किया जाए, ताकि वे केंद्र में अपनी नई जिम्मेदारी संभाल सकें।2003 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और छत्तीसगढ़ में विशेष रूप से बस्तर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियानों के प्रभावी नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने लंबे समय तक बस्तर संभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं और सुरक्षा बलों के साथ मिलकर कई बड़े ऑपरेशन को सफल बनाया। उनकी पहचान एक जमीनी, रणनीतिक और परिणामोन्मुख अधिकारी के रूप में रही है। बस्तर में नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण और आत्मसमर्पण नीति को प्रभावी बनाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। सुंदरराज पी लंबे समय तक छत्तीसगढ़ के बस्तर रेंज के आईजी के रूप में कार्यरत रहे हैं। उन्हें राज्य में नक्सल विरोधी अभियानों के सबसे प्रभावशाली और अनुभवी अधिकारियों में गिना जाता है। उनके नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने बस्तर के दुर्गम और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार अभियान चलाकर माओवादी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया। उनके कार्यकाल के दौरान सुरक्षा रणनीति में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिले। पी. सुंदरराज की कार्यशैली का सबसे बड़ा पहलू यह रहा कि उन्होंने सुरक्षा कार्रवाई के साथ-साथ जनसंपर्क और विश्वास बहाली पर भी विशेष जोर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और कई गांव मुख्यधारा से जुड़ने लगे। विशेषज्ञों का मानना है कि बस्तर को नक्सलमुक्त बनाने की दिशा में मिली बड़ी सफलताओं के पीछे पी. सुंदरराज की रणनीतिक सोच, नेतृत्व क्षमता और जमीनी स्तर पर काम करने का अनुभव महत्वपूर्ण कारक रहा है।




## ईडी की छापेमारी में लगभग 1 करोड़ रुपए जब्त

**रायपुर।** डीएमएफ घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मंगलवार को छत्तीसगढ़ के 5 जिलों में छापेमारी की गई थी। अब जांच के दौरान 1 करोड़ रुपए से अधिक नकद जब्त किए जाने की जानकारी मिल रही है। ईडी ने यह कार्रवाई करीब 575 करोड़ रुपए के कथित डीएमएफ घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की है। ईडी की टीमों ने रायपुर, धमतरी, दुर्ग, कोरबा और अंबिकापुर जिले के 9 ठिकानों पर दबिश दी थी। इनमें 4 आवासीय परिसर और 5 कारोबारियों के व्यापारिक ठिकाने शामिल थे। बताया जा रहा है कि, छापेमारी के दौरान सबसे ज्यादा पैसा कोरबा और धमतरी के ठिकानों से मिला है। जांच के बाद ईडी के अधिकारी इस छापेमारी और जब्ती के संबंध में आधिकारिक खुलासा करेंगे।हालांकि ईडी ने कारोबारी प्रकाश सालुंके, किशोर एग्रो से जुड़े कारोबारी शाश्वत लुणावत, मानसून एग्रो के प्रमोटर और कांग्रेस नेता राकेश गुप्ता, कारोबारी दीपेश गांधी समेत कई लोगों से जुड़े परिसरों की जांच की थी।

## चांपा-कोरबा तीसरी रेल लाइन परियोजना की स्वीकृति

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जताया आभार

**रायपुर।** लंबे समय से प्रतिक्षारत छत्तीसगढ़ की एक और रेल परियोजना को केन्द्र ने स्वीकृति प्रदान की है। केन्द्र सरकार की ओर से छत्तीसगढ़ के चांपा-कोरबा तीसरी रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति मिली है। इस स्वीकृति पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हर्ष व्यक्त किया है साथ ही इसके लिए मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के विकास और देश की ऊर्जा सुरक्षा को नई गति देने वाले 755 करोड़ के चांपा-कोरबा तीसरी रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति प्रदान करने हेतु माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक आभार। यह परियोजना न केवल कोयला परिवहन क्षमता को सुदृढ़ करेगी, बल्कि यात्री सुविधाओं के विस्तार, औद्योगिक विकास और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती प्रदान करेगी। विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह परियोजना केवल कोयला परिवहन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी व्यापक लाभ मिलेगा। बेहतर रेल संपर्क से उद्योगों को मजबूती मिलेगी, निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी, व्यापारिक गतिविधियों का विस्तार होगा तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे कोरबा, जांजगीर-चांपा सहित आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि चांपा-कोरबा तीसरी रेल लाइन परियोजना प्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक प्रगति को नई ऊर्जा प्रदान करेगी तथा विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि मजबूत रेल नेटवर्क, सुदृढ़ लॉजिस्टिक व्यवस्था और बेहतर कनेक्टिविटी के माध्यम से छत्तीसगढ़ देश के विकास में और अधिक प्रभावी योगदान देने के लिए निरंतर आगे बढ़ रहा है।



उल्लेखनीय है कि चांपा-कोरबा तीसरी रेल लाइन परियोजनाभारत सरकार द्वारा स्वीकृत एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है। यह परियोजना छत्तीसगढ़ के प्रमुख कोयला गलियारे और देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को मजबूत करने के लिए शुरू की गई है। भारतीय रेल ने इस 42 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर के लिए ?755 करोड़ की मंजूरी दी है। यह दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) जोन के अंतर्गत आता है। इसमें मदवारानी-सरगबुंडिया खंड को छोड़कर चांपा और कोरबा के बीच तीसरी लाइन का निर्माण किया जाएगा।

## SBI Life Insurance के एडवाइजर द्वारा रक्षित केंद्र बेमेतरा में SBI Life के विभिन्न बीमा योजनाओं की दी गई जानकारी

**बेमेतरा ।** रक्षित केंद्र बेमेतरा में SBI Life Insurance के एडवाइजर श्रीमती सरस्वती साहू, एवं उनके सहयोगी राहुल, टकेश भारती द्वारा जिले के विभिन्न थाना/चौकी, रक्षित केंद्र, यातायात शाखा एवं अन्य शाखाओं में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों के लिए एक जानकारी परक सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान SBI Life के प्रतिनिधियों ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को Smart Platina Young Achiever, Child Plan, जीवन बीमा तथा अन्य निवेश एवं सुरक्षा आधारित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।



उन्होंने विभिन्न योजनाओं के उद्देश्य, लाभ, निवेश विकल्प, बच्चों के भविष्य की वित्तीय सुरक्षा, बीमा कवरेज तथा बचत संबंधी विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। सत्र में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बीमा योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका SBI Life के एडवाइजर द्वारा सरल एवं स्पष्ट रूप से समाधान किया गया। साथ ही योजनाओं की पात्रता, प्रीमियम, मैच्योरिटी लाभ एवं वित्तीय सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वित्तीय सुरक्षा एवं भविष्य की योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा उपलब्ध बीमा एवं निवेश विकल्पों की जानकारी प्रदान करना रहा। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इस जानकारीपरक सत्र को उपयोगी बताते हुए SBI Life के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।



## शिवरतन शर्मा ने सीसी रोड निर्माण के लिए भूमि पूजन किया



**भाटापारा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा ने नगर के संत कंवरराम वार्ड में 07 लाख 60 हजार रुपये की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया । उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि लंबे समय से जर्जर मार्ग की समस्या से जूझ रहे संत कंवरराम वार्ड के निवासियों के लिए यह सीसी रोड किसी सौगात से कम नहीं है। बरसात के दिनों में कीचड़ और गड्ढों से होने वाली परेशानी अब खत्म होगी। इस सड़क के बन जाने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी। उक्त अवसर पर भाजपा नेता शर्मा ने आगे कहा कि हमारा संकल्प है कि नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य हो । सड़क, नाली, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं हर नागरिक का अधिकार हैं। नगर के हर वार्ड में विकास और आधारभूत सुविधाओं का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं। इन विकास कार्यों से नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में हम सफल हो रहे हैं। यह सीसी रोड सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि वार्ड के विकास का नया मार्ग है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में प्रदेश के विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उक्त अवसर पर बाल गोविन्द पटेल, सतीश तलरेजा, योगेश अनंत,रवि शंकर पाण्डेय,बंशी,गोपी ध्रुव, देवेंद्र साहू, नीरा साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं वार्ड के निवासी उपस्थित थे।

## नये ट्रांसफार्मर लगने से पटपर क्षेत्र की विद्युत समस्या का निदान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** विद्युत उपज़ेक्ताओं को गर्मी के दिनों में हो रही परेशानी से अब निजात मिलने लगेगी,विद्युत विभाग ने पटपर उपकेंद्र में अतिरिक्त 01 नग 3.15 एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर लगाया गया इसके लगने से मातादेवालय एवं पटपर एरिया में विद्युत सप्लाई सुदृढ़ होगी। छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी अपने उपज़ेक्ताओं की सुविधाओं का लगातार ध्यान रख रही है। इस भीषण गर्मी में विद्युत सप्लाई में आ रही रुकावट की शिकायत को ध्यान में रखते हुए विभागीय अधिकारियों ने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना योजना के तहत पटपर उपकेंद्र में एक उच्च शक्ति का एक्सएमएआर. सफलता पूर्वक स्थापित कर दिया है,इसके लगने के बाद गर्मी और बारिश के दिनों में आने वाली विद्युत अवरोध की शिकायत से काफी हद तक राहत मिलेगी। उक्त अवसर पर अधीक्षण अभियंता जी पी अनंत, कार्यपालन यंत्री प्रोजेक्ट ए के वर्मा ,सहायक यंत्री वासुदेव साहू ,सहायक यंत्री एस आर पटेल,सहायक यंत्री प्रोजेक्ट आकाश देवांगन , जे एस भट्टी सहित विभाग के अन्य अधिकारी,लाइन स्टाफ सहित ट्रांसमिशन कंपनी से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे।



# पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने बैंक शाखा प्रबंधकों की बैठक लेकर साइबर अपराध रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश

**बेमेतरा।** पुलिस उप महानिरीक्षक (DIG) श्री रामकृष्ण साहू ने साइबर अपराध की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस कार्यालय बेमेतरा के मीटिंग हॉल में जिले के विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक ली। बैठक में बैंकों एवं एटीएम की सुरक्षा, साइबर अपराधों की रोकथाम तथा पुलिस-बैंक समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में डीआईजी श्री रामकृष्ण साहू ने बैंकों एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बैंक में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी संधारित की जाए, बैंक परिसर के भीतर एवं बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चालू स्थिति में रहें तथा उनके रिकॉर्डर सुरक्षित स्थान पर रखे जाएं। सुरक्षा गार्डों का नियमित चरित्र सत्यापन कराया जाए और उनके हथियार कार्यशील स्थिति में हों। बैंक के खुलने एवं बंद होने का समय निर्धारित हो तथा सायरन भी चालू अवस्था में रखा जाए।





उन्होंने बिना सुरक्षा गार्ड वाले एटीएम को रात्रि में बंद रखने, बैंक परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही बैंक में प्रवेश करने वाले व्यक्तियों द्वारा चेहरा ढंककर, हेलमेट या स्कार्फ पहनकर आने पर विशेष निगरानी रखने तथा इस संबंध में बैंक के बाहर सूचना-पट्ट लगाने को कहा। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश भी दिए गए। डीआईजी श्री रामकृष्ण साहू ने कहा कि साइबर अपराधियों को पकड़ने में बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। यदि पुलिस द्वारा मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराने में विलंब होता है तो अपराधियों के फरार होने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए बैंक प्रबंधक पुलिस को आवश्यक जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराएं, ताकि समय पर जांच एवं कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने बैंक खाते खोलते समय ग्राहकों के दस्तावेजों का सत्यापन, प्रारंभिक पूछताछ तथा संबंधित व्यक्ति की उपस्थिति में ही खाता खोलने के निर्देश दिए। साथ ही आधार से लिंक मोबाइल नंबर दर्ज करने, संदिग्ध लेन-देन की स्थिति में तत्काल खाते को होल्ड करने तथा बड़े एवं असामान्य वित्तीय लेन-देन पर विशेष निगरानी रखने को कहा। लोन स्वीकृति के मामलों में भी संबंधित व्यक्ति की व्यक्तिगत तस्दीक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बैंक प्रबंधकों को बैंक परिसर में साइबर अपराध से बचाव संबंधी जागरूकता फ्लैक्स लगाने तथा थाना, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम और डायल-112 के नंबर प्रमुखता से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर आमजन एवं बैंक कर्मचारी तत्काल पुलिस से संपर्क कर सकें। बेमेतरा पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि साइबर ठगी से बचाव हेतु सतर्क रहें, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें तथा किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी की सूचना तत्काल टोल फ्री नंबर 1930 पर दें। बैठक में डीएसपी (मुख्यालय) श्री राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा श्री भूषण एक्का, एसडीओपी बेरला श्री विनय कुमार, साइबर सेल प्रभारी मयंक मिश्रा सहित जिले के विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधक गजेन्द्र उइके, विकाश कुमार शर्मा, देवाशीष, आशीष साय, जितेन्द्र देवांगन, रवि तिवारी, अखिलेश साहू, तोमेश्वर, बी. ए. राहुल, तिरेन्द्र प्रताप, ज्योति, आशीष तिवारी, साइबर सेल प्रधान आरक्षक लोकेश सिंह, आरक्षक पंचराम घोरबंधे सहित जिले के विभिन्न बैंक शाखा प्रबंधक एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**साइबर अपराधियों को पकड़ने में बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण- डीआईजी (DIG) श्री रामकृष्ण साहू। बैंक में साइबर अपराध के प्रति जागरूकता और थाना-पुलिस कंट्रोल रूम एवं डायल-112 नंबर लिखवाने के दिए गए निर्देश।**

# एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन द्वारा शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण गतिविधियों का निरीक्षण



ई-ओडब्ल्यू (EOW) सेंटर, बैजनपुरी (संच कोरर) का निरीक्षण एवं केंद्र में संचालित चलित कम्प्यूटर लैब द्वारा डिजिटल शिक्षा की गतिविधियों का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया गया

क्रांतिरथ छत्तीसगढ़

**चारामा/कोरर, जिला कांकेर।** एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन द्वारा संचालित शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण कार्यर₹ मों के अंतर्गत विभिन्न केंद्रों एवं विद्यालयों का निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। भ्रमण की शुरुआत महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, भिरौद (चारामा) से हुई। यहां सितंबर 2025 से ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अब तक प्रथम बैच में 36, द्वितीय बैच में 22 तथा वर्तमान तृतीय बैच में 26 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है। केंद्र का संचालन मोबिलाइज़र श्री चरण कुमार सिन्हा एवं प्रशिक्षक श्रीमती प्रभावती साहू के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसके पश्चात विद्यालय ग्राम तेलगुड़ा (संच चारामा) का भ्रमण किया गया, जहां आचार्या दीदी लीलेश्वरी मटियारा से विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा की गई। इसके बाद ई-ओडब्ल्यू (EOW) सेंटर, बैजनपुरी (संच कोरर) का निरीक्षण किया गया। केंद्र में संचालित डिजिटल शिक्षा गतिविधियों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया गया। सभी प्रभारियो ने कंप्यूटर वैन में अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें शिक्षा, अनुशासन एवं तकनीकी ज्ञान के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित करते हुए तकनीकी शिक्षा का अधिकतम लाभ उठाने और नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के अंतिम चरण में विद्यालय ग्राम बैजनपुरी, संच कोरर, अंचल कांकेर का निरीक्षण किया गया।



*विद्यालय ग्राम तेलगुड़ा (संच चारामा) जहां आचार्या दीदी लीलेश्वरी मटियारा से विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा की गई।*

विद्यालय की आचार्या दीदी श्रीमती संतोषी ठाकुर द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी गईं। प्रभारियों द्वारा विद्यार्थियों की प्रतिभा का परीक्षण कर संतोष व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर ग्रामोत्थान महिला समिति की प्रभारी श्रीमती संध्या गुप्ता,WEC चारामा की प्रभारी श्रीमती अनिता आचार्य, EOW के प्रभारी श्री संजीव पोद्दार एवं WEC महासमुंद के प्रभारी श्री नारायण भूषणिया उपस्थित रहे।

एकल के प्रवासी प्रभारियों ने कहा कि, "एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, कौशल विकास एवं महिला सशक्तिकरण के माध्यम से समाज के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्यरत है। संस्था भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन करती रहेगी।




महिला सिलाई प्रशिक्षण केंद्र भिरोद (चारामा ) की झलकियां

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने की सौजन्य मुलाकात



मुख्यमंत्री ने दी बधाई, योग के प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता के कार्यों के लिए शुभकामनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री संजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रदेश में योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को योग से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

मुलाकात के दौरान योग के संवर्धन तथा प्रदेश में योग संबंधी गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने से संबंधित विभिन्न विषयों पर भी चर्चा हुई।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री अग्रवाल के नेतृत्व में प्रदेश में योग के प्रचार-प्रसार, जनजागरूकता तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के प्रयासों को नई गति मिलेगी।

### 'नियद नेल्लानार' मॉडल का राज्यव्यापी विस्तार

### 23 जिलों में 31 जनकल्याणकारी योजनाओं का होगा संतृप्तिकरण

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार सुशासन को जन-जन तक पहुंचाने और प्रत्येक पात्र परिवार को शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इसी उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान प्रदेश के 23 जिलों में 31 प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं के संतृप्तिकरण का व्यापक कार्यर₹ म होगा, जिसके माध्यम से योजनाओं की पहुंच, प्रभावशीलता और पारदर्शिता को नई मजबूती मिलेगी।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण का आधार केवल अधोसंरचना का विकास नहीं, बल्कि प्रत्येक परिवार तक शासन की योजनाओं की प्रभावी और समयबद्ध पहुंच सुनिश्चित करना है। सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं संचालित करना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनके सकारात्मक परिणाम प्रत्येक परिवार के जीवन में दिखाई दें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता ऐसी शासन व्यवस्था स्थापित करना है, जिसमें नागरिकों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए अनावश्यक भटकना न पड़े, बल्कि शासन स्वयं पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे और उन्हें योजनाओं से जोड़े। 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' इसी सोच का विस्तार है।

**'नियद नेल्लानार' की सफलता से प्रेरित नई पहल**

वर्ष 2024 से बस्तर संभाग में संचालित 'नियद नेल्लानार' योजना ने शासन और जनता के बीच विश्वास का नया सेतु निर्मित किया है।अभिसरण आधारित सेवा प्रदाय के माध्यम से इस योजना ने दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में शासन की उपस्थिति को मजबूत किया तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की।

योजना की सफलता को देखते हुए इसे 'नियद नेल्लानार 2.0' के रूप में 10 जिलों तक विस्तारित किया गया। अब इसी सफल मॉडल को प्रदेश के शेष 23 जिलों में लागू करते हुए 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान प्रारंभ किया जा रहा है।

## मानसून के रूठ जाने से लोग परेशान , गर्मी व पानी संकट से जुझ रहे है क्षेत्रवासी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। मौसम की बेरूखी से भीषण गर्मी की मार झेल रहे आम इंसान इन दिनों बारिश के आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। शहर व क्षेत्र में भीषण व तेज गर्मी के चलते पारा 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया जिसके कारण लोग गर्मी व झुलसा देने वाली गरम हवाओं से परेशान रहें ।



इस बीच भीषण गर्मी व तेज हवाओं की रफतार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ । दोपहर को शहर से विभिन्न मार्गो पर दौड़ने वाली यात्री बसों में अपेक्षा के अनुरूप बस चालको ं को सवारी नही मिली । फलस्वरूप अधिकांश बसे बिना फुल सवारी के रास्ते में दौड़ती रही खासकर भाटापारा से बिलासपुर , भाटापारा से खरोरा , भाटापारा से मुंगेली , भाटापारा से नवागढ़, भाटापारा मउमल्दा , व भाटापारा से बेमेतरा के अलावा भाटापारा से करही बाजार की ओर तमाम यात्री बसों में अपेक्षा के अनुरूप यात्री बस संचालकों को नही मिले इस बीच मॉनसुन की लेट लतीफी से किसान चिंतित नजर आ रहे है वही ं शहर व ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल व निस्तारी के लिए पर्याप्त पानी नही मिलने से लोग हलाकान है । क्षेत्र के नदी , नाला , नहर , तालाब , डबरी व रपटा पुरी तरह सुख चुके है । खासकर सालभर पानी देने वाली शिवनाथ नदी के सेमरिया घाट पुल के पास पुरी तरह सुख जाने की घटना से लोग हैरान है व इसे आने वाले भविष्य के लिए खतरनाक संकट मानते हुए शिवनाथ नदी को संरक्षित व संवर्धित करने की मांग की है । इस बीच भयावह गर्मी से शहर के नहरू वार्ड में भीषण जल संकट व्याप्त है जहां लोगो के घरो में नल से एक बूंद भी पानी 24 घंटे में नही पहुंच रहा है । जिससे लोग आर₹ ोषित है इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के गांव खोलवा , सुरजपुरा, दतरेंगा ,दतरेंगी , कड़ार व अन्य गांव के अनेक तालाब सुख गये है। जिससे ग्रामीणो के समक्ष निस्तारी का संकट उठ खड़ा हुआ है । वहीं मुक पशु , जानवर ,पक्षी पानी की तलाश में भटक रहे है । नगर के साथ साथ अनेक गांव में ेलोग पेयजल के लिए काफी मशक्कत कर रहे है। शहर व गांव के अनेक बोर जहां सुख चुके है वहीं अनेक बोर का पानी काफी नीचे चला गया है। लोग पानी की तालाश में बर्तन व प्लास्टिक के डिब्बे तथा ड्रम को सायकल व मोटरसायकल एवं हाथ ठेला में लादकर एक एक दो दो किलोमीटर दुर से जहां पानी मिल रहा है वहां से पानी लाने मजबुर है । क्षेत्र के गांव चमारी में भू - जल स्तर 600 फीट नीचे पहुंच गया है उक्त बात का खुलासा वहां खोदे गये बोर खनन के दौरान पता चला वहीं नगर से 10 किलोमीटर दुर स्थिति ग्राम मटिया के लोग पानी के लिए दो तीन कि लोमीटर का सफर तय कर ग्राम फरहदा व ग्राम टेकारी तक जाकर पानी लाने मजबुर है। कुल मिलाकर मॉनसुन के अब तक के रूठ जोन से लोग भीषण गर्मी के साथ साथ गंभीर जल संकट से भी जुझ रहे है। और निरंतर कामना कर रहे है कि शीघ्र ही झमाझम बारिश शहर व क्षेत्र में हो ताकि लोगो को राहत मिल सके।

## पाटेश्वर धाम में तोड़फोड़ के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

ब्यूरोचीफ अनिल सिंघानिया

**थानखम्हरिया।** श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति, मानस संघ ब्लॉक साजा एवं पाटेश्वर परिवार के संयुक्त तत्वावधान में तहसील कार्यालय पहुंचकर पाटेश्वर धाम में कथित तोड़फोड़ एवं क्षति पहुंचाए जाने के विरोध में तहसीलदार श्रीमती सरिता मढ़रिया को ज्ञापन सौंपा गया।



ज्ञापन में कहा गया कि लाखों श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र पाटेश्वर धाम में मूर्तियों को हटाने तथा दीवारों को क्षति पहुंचाने जैसी घटनाओं से अनुयायियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि इस कार्रवाई से लाखों भक्तों के हृदय को गहरी ठेस पहुंची है तथा उनकी श्रद्धा, निष्ठा और गुरुदेव के प्रति समर्पण भावना प्रभावित हुई है।

ज्ञापन के माध्यम से शासन-प्रशासन से मांग की गई कि पाटेश्वर धाम में हो रही गतिविधियों को तत्काल रोका जाए तथा वहां शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। वक्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म एवं हिंदू समाज की आस्था से जुड़े स्थलों के प्रति संवेदनशीलता बरतना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है और शासन को उनकी भावनाओं का सम्मान करना चाहिए।





इस अवसर पर राधा-कृष्ण जमात मंदिर के महंत वसंत बिहारी दास, श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया, मानस संघ ब्लॉक साजा के अध्यक्ष भरत साहू, संरक्षक श्रवण कुमार साहू, कोषाध्यक्ष रामजी साहू, शक्ति केंद्र-1 के अध्यक्ष लीलाधर चंद्राकर, पुरुषोत्तम अग्रवाल, प्रमोद सिंघानिया, गिरीश शर्मा, योगेश साहू, चंद्रशेखर राजपूत, कुमार पाल, गनेशु साहू, मनोज सिन्हा सहित सैकड़ों की संख्या में गौभक्त एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा डीबी कार्प लिमिटेड प्लाट नंबर-40/44 इंडस्ट्रीयल एरिया बीरगांव उरला रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित, संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / web- www.krantirath.com